
उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in
(वर्ष-9 अंक-40)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 04 नवंबर , 2024



सुबह नौ से रात नौ बजे तक ही चलेंगे ई-रिक्शा 7
बारूद में विस्फोट की चपेट में आए दंपती की मौत, चार घायल 8

# हर हाल में लागू होगा यूसीसी, आदिवासी इसके दायरे से रहेंगे बाहर: अमित शाह



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को रांची में कहा कि पूरे देश में यूसीसी (समान नागरिक संहिता) हर हाल में लागू होगी, लेकिन आदिवासियों को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। अमित शाह ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर केंद्र की सरकार की योजनाओं को लटकाने और राज्य में पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, झारखंड का ये चुनाव न केवल सरकार बदलने का चुनाव है, बल्कि झारखंड का भविष्य सुरक्षित करने का चुनाव है झारखंड की महान जनता को तय करना है कि भ्रष्टाचार में डूबी हुई सरकार चाहिए या विकास के रास्ते पर चलती हुई पीएम मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार चाहिए। घुसपैठ कराकर झारखंड की अस्मिता को खतरे में डालने वाली सरकार चाहिए या परिंदा भी पर न मार सके ऐसी सरहद की सुरक्षा करने वाली बीजेपी सरकार चाहिए। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। घुसपैठियों को नहीं रोका गया तो राज्य की संस्कृति, रोजगार और अस्मिता पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। केंद्र सरकार राज्य में एक-एक बांग्लादेशी घुसपैठिए की पहचान कर उन्हें डिपोर्ट करेगी। हेमंत सोरेन को घुसपैठियों में अपना वोट बैंक दिखाई देता है। घुसपैठियों की वजह से आदिवासियों की संख्या घट रही है, डेमोग्राफी बदल रही है और हेमंत सोरेन की सरकार अपनी धुन में मस्त है। मैं आपसे वादा करता हूं कि बीजेपी सरकार आएगी, तो घुसपैठियों को झारखंड से बाहर निकालेगी।

## झारखंड में नहीं लागू किया जाएगा यूसीसी, अमित शाह की घोषणा पर हेमंत सोरेन का पलटवार



रांची। झारखंड में समान नागरिक सहिंता (यूसीसी) लागू करने की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की घोषणा के कुछ ही देर बाद रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पलटवार करते हुए कहा कि राज्य में न तो यूसीसी और न ही राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू की जाएगी। सोरेन ने जोर देकर कहा कि झारखंड आदिवासी संस्कृति, भूमि और अधिकारों की रक्षा के लिए केवल छोटानागपुर काश्तकारी (सीएनटी) और संथाल परगना काश्तकारी (एसपीटी) अधिनियमों का पालन करेगा। गढ़वा में एक रैली में सोरेन ने कहा, यहां न तो समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी और न ही एनआरसी। झारखंड पूरी तरह से छोटानागपुर काश्तकारी और संथाल परगना काश्तकारी अधिनियमों का पालन करेगा। ये लोग (भाजपा नेता) जहर उगल रहे हैं और उन्हें आदिवासियों, मूल निवासियों, दलितों या पिछड़े समुदायों की कोई परवाह नहीं है। इससे पहले, शाह ने भाजपा का घोषणापत्र जारी करते समय कहा, हमारी सरकार झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू करेगी, लेकिन आदिवासियों को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। हेमंत सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की सरकार यह झूठा प्रचार कर रही है कि समान नागरिक संहिता आदिवासी अधिकारों, संस्कृति और संबंधित कानून को प्रभावित करेगी ।शाह ने जोर देकर कहा कि समान नागरिक संहिता भले ही लागू की जाएगी, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आदिवासियों के अधिकार प्रभावित न हों। सोरेन ने शाह की इस टिप्पणी पर भी तीखा हमला बोला कि झामुमो नीत गठबंधन नक्सलवाद को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि दो चरणों में चुनाव होना इस बात का प्रमाण है कि नक्सलवाद पर अंकुश लगा दिया गया है, जबकि पहले चुनाव पांच चरण में होते थे ।सोरेन ने भाजपा की तुलना सूखते हुए पेड़ से की और उसे उखाड़ फेंकने का संकल्प जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का लक्ष्य खनिज संपदा के लिए स्थानीय निवासियों को विस्थापित करना है। सोरेन ने भाजपा पर उनकी सरकार को कमजोर करने का आरोप लगाया और कहा, %केंद्र ने कोयला कंपनियों द्वारा खनन के लिए राज्य को 1.36 लाख करोड़ रुपये का कोयला बकाया अभी तक नहीं चुकाया है।

## पप्पू यादव को धमकी देने वाला दिल्ली से गिरफ्तार



पटना। बिहार के पूर्णिया सासंद पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से धमकी देने के लिए इस्तेमाल किए गए मोबाइल और सिम कार्ड भी बरामद किए है। युवक ने अपना नाम महेश पांडेय बताया है। इस संबंध में पूर्णिया एसपी कार्तिकेय शर्मा ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी दी है। एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि सांसद पप्पू यादव को धमकी देने के मामले में पुलिस लगातार जांच कर रही थी। इसी कड़ी में दिल्ली में रहने वाले महेश पाडेय पुलिस की रडार में आया और गिरफ्तार कर लिया गया। शुरुआती पूछताछ में युवक ने बताया कि उसका लॉरेंस बिश्नोई गैंग से कोई लेना देना नहीं है।आरोपी युवक ने साली के नंबर से पप्पू यादव को धमकी दी थी। एसपी ने कहा कि युवक ने कई नंबरों से धमकी दी थी, लेकिन जिस नंबर से पहली बार धमकी दी गई थी उसी में गिरफ्तारी की गई है। जिस नंबर से धमकी दी गई थी वह नंबर दुबई का है। महेश पांडेय की साली दुबई में रहती हैं। दुबई से ही सिम कार्ड लिया गया था। हालांकि यह जांच का विषय है।

**गूगल से खोजा पप्पू यादव का नंबर**

आरोपी युवक ने गूगल से सांसद पप्पू यादव का नंबर खोजा और उस पर मैसेज भेजा। पुलिस ने दुबई के उक्त सिम कार्ड और व्हाट्सएप्प के लिए इस्तेमाल किया जा रहा मोबाइल को भी बरामद कर लिया है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपी के पत्नी का मोबाइर और सिम कार्ड को भी जब्त कर लिया है।

**यह है पूरा मामला**–बता दें कि मुंबई में बाबा सिद्दीकी की हत्याके बाद पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को फोन कॉल पर किसी ने धमकी दी थी। इसके बाद धमकी देने के मामले में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम सामने आ रहा था। इस पूरे मामले के बाद सियासी हलचल भी शुरू हो गई थी। इसके अलावा पप्पू यादव ने केंद्र सरकार को सुरक्षा बढ़ाने की मांग करते हुए पत्र भी लिखा था। इसके बाद बीते रोज भी सांसद पप्पू यादव का वीडियो सामने आया था। इसमें उन्होंने कहा था कि मुझे मारना है तो मार दो।

## श्रीनगर के पिस्सू बाजार में आतंकवादियों ने फेंके ग्रेनेड, 12 लोग घायल

नईदिल्ली।जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को भीड़भाड़ वाले पिस्सू बाजार में आतंकवादियों द्वारा ग्रेनेड फेंके जाने से कई लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर के टीआरसी, संडे मार्केट में ग्रेनेड हमले में घायल हुए लोगों को एसएचएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा, पिछले कुछ दिनों से घाटी के कुछ हिस्सों में हमलों और मुठभेड़ों की खबरें सुर्खियों में हैं। श्रीनगर के 'रविवार बाजार' में निर्दोष दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की आज की खबर बेहद परेशान करने वाली है। निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। सुरक्षा तंत्र को जल्द से जल्द हमलों की इस लहर को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए ताकि लोग बिना किसी डर के अपना जीवन जी सकें।ग्रेनेड विस्फोट से इलाके में दहशत फैल गई और



दुकानदारों को छिपने के लिए इधर-उधर भागना पड़ा। सभी घायलों – आठ पुरुष और एक महिला – को ए स ए म ए च ए स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने बताया, सभी घायलों को इलाज के लिए ए स ए म ए च ए स अस्पताल ले जाया गया है। सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है।

छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं

विज्ञापन कार्यालय-130/4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर



नवीन गुप्ता
(विज्ञापन प्रतिनिधि)

बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941

## बच्ची से गैंगरेप के आरोपी की पीट-पीटकर हत्या, दूसरे ने डरकर किया सरेंडर

कोलकाता। पश्चिम बंगाल जिले में शुक्रवार शाम को पांच साल की बच्ची के साथ बलात्कार और हत्या (ऋड्डश्चद्ग ड्डठ्ठस्र स्ब्ह्ह-स्त्रद्गह्ल ष्ट्डह्यद्ग) के आरोपी 40 वर्षीय व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने कथित तौर पर पेड़ से बांधकर पीट-पीटकर मार डाला। बाद में एक अन्य व्यक्ति ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया और दावा किया कि वह मृतक का साथी था। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया ।पुलिस के अनुसार, शुक्रवार शाम को लड़की लापता हो गई थी। उसकी तलाश शुरू की तो पता चला कि उसे आखिरी बार मोना रॉय के साथ देखा गया था।

बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से सभी देशवासियों को

छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं





बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें
www.bpsnews.in

सम्पादक (बी.पी.साहू)
मो.8423454502,9335908846

छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं

NEW SAHU FAMILY RESTAURANT
638y-1, Block Kidwai Nagar
Near -Dasu Kunwa Chauraha Noubasta Kanpur
Owner Management
Suresh Sahu
M.-8303637506, 9792526852
Web .site—www.sahufamilyrestaurant.com





छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं

Jai Ambey Traders




ARUN KUMAR ASTHANA
arunasthana32@gmail.com
7705800400, 9415728160,
9936442547 | 0512-23567401
Head Office: 19/174, Patkapur, Kanpur
Branch Office: 59/88, Shukla Market, Kanpur

## संपादकीय

# जिम्मेदारी का करें अहसास

पहले से ही उम्मीद थी कि दीपावली के बाद प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होगी, वैसा हुआ भी। पहले से ही दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण का संकट बढ़ा हुआ था। सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणियां बार-बार हमारा ध्यान खींचती रहीं। पिछले दिनों खबर आई कि दिल्ली दुनिया की सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार देश के सर्वाधिक प्रदूषित 32 शहरों में ग्यारह हरियाणा के हैं। यही वजह है कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों को फटकार लगाई कि प्रदूषण रोकने के लिये जमीनी स्तर पर प्रयास न के बराबर हैं। दरअसल, इस मौसम में हर साल ठंड शुरू होते ही हवा की दशा-दिशा में बदलाव के साथ ही आसमान में धुएं की परत जमने लगती है। यही वजह है कि पराली संकट व अन्य कारणों से बढ़ते प्रदूषण से चिंतित सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि सिर्फ सरकारी प्रयासों से ही प्रदूषण की समस्या का समाधान संभव नहीं है। यह स्थिति तभी बदलेगी जब लोगों की तरफ से भी ईमानदार पहल होगी। अब चाहे बात राष्ट्रीय सरोकारों की हो, पानी संकट की हो या फिर प्रदूषण की हो। जब नागरिकों को अहसास होगा कि बिना पटाखे छुड़ाए भी खुशी मनायी जा सकती है तो हम समाज के लोगों, जीव-जंतुओं व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक प्रगति कर सकेंगे। बात तब बनेगी जब हम बच्चों के पाठ्यक्रम में यह बात शामिल करेंगे कि उनके भविष्य के लिये पर्यावरण, पानी व हवा की रक्षा कितनी जरूरी है। बच्चों को अहसास कराएं कि जिस तरह से बड़े लोग पानी का दुरुपयोग कर रहे हैं, उससे उनके भविष्य के लिये पानी का संकट गहरा हो जाएगा। इसके लिये टीवी, प्रिंट मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाये जा सकते हैं। इस अभियान में सूचना माध्यमों की भी जवाबदेही तय करने की जरूरत है।दरअसल, ग्रीन ट्रिब्यूनल या अन्य प्रदूषण नियंत्रक संस्थाएं अकसर राज्यों के सचिवों व अधिकारियों को दंडित करने की बात करती हैं, लेकिन इससे समस्या का समाधान संभव नहीं है। दरअसल, जब तक नागरिकों व किसानों को जागरूक -जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा, तब तक स्थिति में बदलाव संभव नहीं है। हम भूल जाते हैं कि इस संकट को बढ़ाने में राजनीति की बड़ी भूमिका है। किसानों के मुद्दों को जोरशोर से उठाकर श्रेय लेने वाले राजनेताओं की जवाबदेही तय होनी चाहिए। दरअसल, बंपर पैदावार का श्रेय लेने वाले राजनेता तब कहां चले जाते हैं जब पराली जलाने का संकट पैदा होता है? सही मायनों में जहां पराली जलाने की घटनाएं ज्यादा होती हैं, वहां क्षेत्र के विधायकों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए कि वे क्षेत्र के किसानों को जागरूक क्यों नहीं कर पाते। क्यों वे पराली के निस्तारण के वैकल्पिक संसाधन उपलब्ध कराने में किसानों का सहयोग नहीं करते? विडंबना यही है कि वे वोट की राजनीति के प्रलोभन में पराली जलाने के खिलाफ आवाज उठाने में चुप्पी साध लेते हैं।

# डमी स्कूलों से शिक्षा की गुणवत्ता का क्षय

वह अकेले नहीं हैं, असल में, मेडिकल-इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश पाने के लिए मानकीकृत बना दिए गए इम्तिहान उत्तीर्ण करने के तर्क को हमारी चेतना पर हावी होने और 'व्यावहारिक' शिक्षा को हमारी धारणा को आकार देने में व्यापक इजाजत मिली हुई है। इसलिए जिसको हम सामान्य समझने लगे हैं- 'डमी स्कूलों' का अस्तित्व और लगभग हर इलाके में कोचिंग सेंटरों का एक साथ महिमामंडन - उसका जन्म होता चला गया। केवल इतना ही नहीं। ऐसा करके हम अपने बच्चों को शुरू से ही भ्रष्टाचार को आत्मसात करने के लिए भी प्रोत्साहित कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें भी पता है कि अगर स्कूलों और कोचिंग सेंटरों के बीच उचित 'सेटिंग' या किसी तरह का 'घालमेल' है, तो वे एक भी कक्षा में उपस्थित हुए बगैर भी बोर्ड परीक्षा में बैठ सकते हैं।बेशक, सीबीएसई और राज्य बोर्ड भी इस कुप्रथा से अवगत हैं, और कभी-कभार, इन डमी स्कूलों के खिलाफ नाममात्र के कुछ छापे या दंडात्मक उपायों के बारे में सुनते हैं।





मेरे पड़ोसी ने एक बार मुझसे बताया 'मेरा बच्चा स्कूल जाने में अपना वक्त और ऊर्जा बर्बाद नहीं करता। इसके बजाय, मैं उसे एक कोचिंग सेंटर में भेजता हूं, जो उसे वह तैयारी करवाते हैं जिसका महत्व है- मेरा मतलब है जेईई और नीट जैसी परीक्षाएं पास करने का 'कौशल' हासिल करना। और इस वास्ते उसके स्कूल के साथ एक व्यवस्था कर रखी है। भले ही वह पूरे साल अनुपस्थित रहे, फिर भी वह बोर्ड परीक्षाओं में बैठ सकता है। स्कूल इसका इंतजाम करता है।' उनके साथ मेरे संवाद के दौरान, मुझे उनके तर्क की तीव्रता का अहसास हुआ- उनका मानना है कि जीवन में केवल 'सफलता' ही मायने रखती है, और शिक्षा का कोई उच्च या महान लक्ष्य नहीं है।

वह अकेले नहीं हैं, असल में, मेडिकल-इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश पाने के लिए मानकीकृत बना दिए गए इम्तिहान उत्तीर्ण करने के तर्क को हमारी चेतना पर हावी होने और 'व्यावहारिक' शिक्षा को हमारी धारणा को आकार देने में व्यापक इजाजत मिली हुई है। इसलिए जिसको हम सामान्य समझने लगे हैं- 'डमी स्कूलों' का अस्तित्व और लगभग हर इलाके में कोचिंग सेंटरों का एक साथ महिमामंडन - उसका जन्म होता चला गया। केवल इतना ही नहीं। ऐसा करके हम अपने बच्चों को शुरू से ही भ्रष्टाचार को आत्मसात करने के लिए भी प्रोत्साहित कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें भी पता है कि अगर स्कूलों और कोचिंग सेंटरों के बीच उचित 'सेटिंग' या किसी तरह का 'घालमेल' है, तो वे एक भी कक्षा में उपस्थित हुए बगैर भी बोर्ड परीक्षा में बैठ सकते हैं।बेशक, सीबीएसई और राज्य बोर्ड भी इस कुप्रथा से अवगत हैं, और कभी-कभार, इन डमी स्कूलों के खिलाफ नाममात्र के कुछ छापे या दंडात्मक उपायों के बारे में सुनते हैं। लेकिन फिर, इस भ्रष्टाचार का मुकाबला तब तक नहीं किया जा सकता जब तक कि हम निम्नलिखित के बारे में कुछ गहन और ठोस कदम न उठाएं -सबसे पहले, हमारे लिए -यानी वयस्क और माता-पिता- खुद को शिक्षित करना और शिक्षा को लेकर और अपने बच्चों के लिए 'सफलता' के अर्थ के बारे में अपनी समझ को विस्तृत बनाना महत्वपूर्ण है। बेशक, यह अच्छा है अगर हमारे बच्चे भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और जीव विज्ञान सीखें, इसमें कोई बुराई नहीं है अगर वे इन विषयों की पहेलियों को हल करना सीखते हैं- जल्दी, फुर्ती और चतुराई से। लेकिन फिर, यह 'कौशल' केवल उस चीज़ का अंश मात्र है जिसे सभी महान शिक्षक वास्तव में सार्थक, समग्र और जिंदगी बनाने वाली शिक्षा मानते हैं।गहन स्तर पर, शिक्षा का मतलब है सीखना, देखना और जिस दुनिया में हम विचरते हैं, उसे समझने की तमाम प्रमुख क्षमताओं का विकास करना- जैसे कि, आलोचनात्मक सोच को तेज करने के लिए बौद्धिक अनुभूति और तर्क करने की शक्ति, मानवीय भावनाओं और संवेदनाओं की गहरी समझ बनाने के लिए कलात्मक और सौंदर्य बोध संबंधी संवेदनशीलता का विकास, मिल-जुलकर काम करने की भावना और भाईचारा, सहयोग और एकजुटता का महत्व समझना, और सबसे बढ़कर, बृहद पारिस्थितिकीय तंत्र से जुड़ाव की कला।लेकिन फिर, जब हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे बाकी सब भूल जाएं, पूरी तरह से एकल-आयामी बन जाएं, केवल मानकीकृत परीक्षणों को पास करने वाली रणनीतिक तकनीकों को अपनाएं, तो ऐसा करके हम उनके शारीरिक, मानसिक और नैतिक स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं। वे एक खुदगर्ज/अहंकारी प्रतिस्पर्धी बनकर रह जाते हैं, और वह खो देते हैं जो संवेदनशील और संवादकारी प्राणी के रूप में विकसित होने के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण है- अच्छे शिक्षकों की संगति जो उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं, संगी-साथियों के साथ मिलकर काम करने का अनुभव और पुस्तकें और शिल्पकला, रंगमंच और फुटबॉल का आनंद, सिद्धांत और व्यवहार के माध्यम से दुनिया को जानना।खैर, मेरा 'व्यावहारिक' पड़ोसी कह सकता है कि अगर उसका बेटा किसी आईआईटी में दाखिला ले लेता है और आखिरकार उसे एक आकर्षक 'पैकेज' मिल जाए तो अंत में सब कुछ 'सही'। लेकिन फिर, यह 'सफलता' किस काम की, यदि वह अंदर से जख्मी, टूटा हुआ और अलग-थलग रहे?इसका मतलब यह नहीं है कि हमारे स्कूल अनिवार्य रूप से वह समग्र शिक्षा और शुचितापूर्ण ज्ञान देने में सक्षम हैं, जिसकी मैं बात कर रहा हूं। वास्तव में, कुछ उल्लेखनीय अपवादों को छोड़कर, हमारे स्कूल हमारे बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक रूप से सूक्ष्म और गहरी आलोचनात्मक शिक्षा का आनंद उठाने के लिए प्रेरित करने में विफल रहते हैं। इसके बजाय, आधिकारिक पाठ्यक्रम का बोझ, समयसारिणी का अत्याचार, भीड़भाड़ वाली कक्षा में शिक्षक का एकालाप, विज्ञान विषय के मुकाबले मानव विज्ञान को दोयम मानना, साप्ताहिक और वार्षिक परीक्षाओं का जंजाल, और सबसे बढ़कर, 'टॉपर्स' बनाना एकमात्र लक्ष्य- ब्रांडेड कोचिंग सेंटर वह प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं जिसका सही मायने में ठोस विकल्प बनने में हमारे विद्यालय विफल रहे हैं।संभवत:, कोचिंग सेंटर- जैसा कि मेरे पड़ोसी जैसे व्यावहारिक माता-पिता की सोच है- यह बेहतर ढंग से करते हैं क्योंकि ये दुकानें बच्चे के समग्र विकास को पल्लवित करने का भ्रम नहीं पालती, बल्कि, सिर्फ जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं को क्रैक करने के लिए एमसीक्यू हल करने की तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करती हैं। क्या यही कारण है कि हमारे स्कूल आत्मसमर्पण कर चुके हैं और पूरी तरह से असहाय होकर देख रहे हैं कि कैसे कोचिंग उद्योग युवाओं और उनके माता-पिता की चेतना पर कब्जा कर रहा है? ऐसा लगता है कि डमी स्कूलों की वृद्धि रोके नहीं रुकेगी।बेशक ऐसे विद्यालय भी हैं जहां जीवन-निर्वाह संस्कृति सिखाई जाती है, लेकिन भेड़चाल बन चुकी इस प्रवृत्ति को बदलना तब तक संभव नहीं, जब तक कि हम पेशेवर और उच्च शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के लिए युवाओं के चयन के तौर-तरीकों में बदलाव नहीं करते। जेईई, नीट और सीयूईटी जैसी बेहद समस्याग्रस्त मानकीकृत परीक्षाओं को दिए जा रहे महत्व ने स्कूल में छात्र के सीखने और प्रदर्शन का अवमूल्यन किया है। इसलिए विद्यालय में दिखाए जाने वाले प्रदर्शन को भी समान महत्व देना जरूरी है। जो एमसीक्यू केंद्रित 'वस्तुनिष्ठ' प्रश्नों से संतुष्ट रहने के बजाय, किसी विद्यार्थी का मूल्यांकन उसके व्याख्यात्मक कौशल, किसी जटिल समस्या से निपटने और अस्पष्टताओं को हल करने या अनेकानेक संभावित समाधान सोचना, इंजीनियरिंग, मेडिसिन, बुनियादी विज्ञान, उदार कला में करिअर बनाने के लिए उसकी मानसिक अभिरुचि, अच्छी पुस्तकों एवं नए विचारों में उसकी दिलचस्पी के आधार पर किया जाए।

# अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष व विश्व बैंक की वार्षिक बैठक

गोंदिया।वैश्विक स्तरपर बदलते परिपेश में हर क्षेत्र में डिजिटाइजेशन व प्रौद्योगिकी विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा प्रौद्योगिकी तकनीक के तेजी से विकास के कारण अब ऑफिस स्टाफ को संकुचित करना व्यापार उद्योग सेवा वाणिज्य क्षेत्रके लिए ज़रूरी हो गयाहै, क्योंकि इस वैश्विक कंपटीशन ऑनलाइन युग में कम कीमतें अधिक सेवा वाला फंडा चल रहा है, जो एआई के बिना संभव नहीं हो सकता,



जिसका सीधा प्रभाव नौकरियों पर पड़ रहा है वैश्विक स्तरपर बड़ी तादाद में नौकरियां रिमूव हो रही है, बेरोजगारी अत्यधिक बढ़ रही है जिसका उपाय पूरी दुनियाँ के लिए करना ज़रूरी है, जिसमें विश्व बैंक व अंतरराष्ट्रीय मॉनेटरी फंड की भूमिका अहम हो जाती है क्योंकि अब ट्रेंड कौशलता विकास की ओर बढ़ रहा है जिसके लिए अब आईएमएफ डब्लूबी का रोल अहम हो गया है। इस विषय पर आज हम बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि केंद्रीय वित्तमंत्री 20 से 26 अक्टूबर 2024 तक अमेरिका की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों, चौथी जी20 वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नर (एफएमसीबीजी) बैठकों के अलावा एफएमसीबीजी पर्यावरण मंत्रियों और विदेश मंत्रियों की जी 20 संयुक्त बैठक और जी 7-अफ्रीका मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया, और उन्होंने आईएमएफ तथा डब्ल्यूबी व अनेक संस्थाओं से चर्चा कर उपरोक्त विषय पर विचार विमर्श किया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष व विश्व बैंक की वार्षिक बैठक वाशिंगटन में भारत का आगाज़।साथियों बात अगर हम वर्तमान हरितनौकारियों वआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कारण विश्व के अनेक देशों को बेरोजगारी से बचाने कौशलता विकास रोजगार सृजन को समझने की करें तो,वित्तमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्सपर अपने आधिकारिक खाते पर इस बात पर जोर दिया कि निरंतर आर्थिक चुनौतियों और तेजी से हो रहे प्रौद्योगिकी बदलावों को देखते हुए नौकरियां सबसे बड़ी वैश्विक समस्या बनी हैं, जो युवाओं के लिए नौकरी बाजार में प्रवेश करने के वास्ते आवश्यक कौशल को पुनर्परिभाषित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक ने इससे पहले क्षेत्रीय रुझानों तथा रोजगार पर उनके संभावित प्रभाव पर कई अध्ययन किए हैं। इनमें हरित नौकरियां, कृत्रिम मेधा के चलन में आने के बाद नौकरियां और बदलती जनसांख्यिकी के कारण बदलाव जैसे क्षेत्र आदि विषयों पर अध्ययन किए गए।हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समय की मांग है कि अधिक व्यापक, बहु-क्षेत्रीय विश्लेषण किया जाए। इसमें इस बात पर गौर किया जाए कि उभरते रुझान किस प्रकार परस्पर क्रिया करते हैं और कैसे नौकरी छूटने तथा नौकरी सृजन दोनों को प्रभावित करते हैं।वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में विश्व बैंक से आग्रह किया कि वह डेटा, विश्लेषण तथा ज्ञान कार्य के आधार पर उच्च प्राथमिकता वाले कौशल क्षेत्रों की पहचान करने में देशों के साथ सहयोग करे, जिसमें रोजगार सृजन, कौशल मिलान और श्रम बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

साथियों बात अगर हम केंद्रीय वित्तमंत्री के अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष व विश्व बैंक की वार्षिक सभा में व्यक्ति किए गए विचारों की करें तो,उन्होंने मझोले इनकम वाले देशों के लिए विश्व बैंक से किफ़ायती लोन की मांग की,वित्त मंत्री ने वैश्विक इंडेक्स और देश की तुलना करने में विश्व बैंक के डेटा-संचालित, साक्ष्य-आधारित नजरिया अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। वित्तमंत्री ने आईएमएफ के साथ अपनी सालाना बैठक के दौरान विश्व बैंक से और अधिक किफ़ायती और सस्ते लोन की मांग की है शुक्रवार को वाशिंगटन, डी.सी. में विश्व बैंक की 2024 की वार्षिक बैठकों में भविष्यके लिए तैयार विश्व बैंक समूहपरविकास समिति के पूर्ण सत्र में बोलते हुए ये बातें कही,वित्त मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा केंद्रीय वित्त मंत्री ने व्यापक भागीदारी को बढ़ावा देने, मध्यम आय वाले देशों को अधिक उधार लेने के लिए प्रोत्साहित करने और विकास प्रभाव को गहरा करने के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण मॉडल के साथ एक अधिक किफ़ायती विश्व बैंक की मांग की,उन्होंने भारत की इस स्थिति की पुष्टि की कि विश्वव्यापी गवर्नेंस इंडिकेटर और नए प्रस्तावित बी-रेडी इंडेक्स जैसे ऑब्जेक्टिव डेटा पर आधारित होने चाहिए। साथियों बात अगर हम केंद्रीय वित्तमंत्री द्वारा आईएमएफ डब्ल्यूबी बैठक में दिए गए सुझावों की करें तो,उन्होंने विश्व बैंक से अपने ऋण मॉडल को और अधिक किफायती बनाने और मध्यम आय वाले देशों से व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण की अपील की,उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस तरह का नजरिया इन देशों को विश्व बैंक के साथ अधिक जुड़ने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है, जिससे अंतत: बैंक के कार्यक्रमों के विकास प्रभाव में वृद्धि होगी।बहुपक्षीय विकास बैंकों के इतिहास पर विचार करते हुए, उन्होंने 1944 के ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में इन संस्थानों की नींव को आकार देने में ग्लोबल साउथ की अहम भूमिका का जिक्र किया। उन्होंने समावेशी, वैश्विक विकास ढांचे की स्थापना के लिए विश्व बैंक की निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में अलग-अलग नजरिए को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया।अपनी सिफारिशों के हिस्से के रूप में, सीतारमण ने विश्व बैंक को डिजिटल समावेशन और सतत ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में ग्लोबल साउथ के परिवर्तनकारी अनुभवों से इनोवेशन्स के दो-तरफ़ा आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया. उन्होंने सुझाव दिया कि ये योगदान समान चुनौतियों का सामना कर रहे बाकी देशों के लिए मूल्यवान आंतरिक नजरिया और समाधान प्रदान कर सकते हैं।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन का इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष व विश्व बैंक की वार्षिक बैठक वाशिंगटन में भारत का आगाज़।विश्व बैंक उच्च प्राथमिकता वाले कौशल क्षेत्र की पहचान कर रोजगार व कौशल प्लान व श्रम बनाए रखने में देशों के साथ सहयोग की सलाह।हरित नौकरियों व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चालन के बाद, उभरते रुझानों से नौकरी छूटने तथा नौकरी सृजन पर प्रभाव का संज्ञान लेना ज़रूरी है। वे दुनियाँ भर के लोगों को प्रेरित और शिक्षितकर रहेहैं। इस तरह वेपरमाणु निषेध को बनाए रखने में मदद कर रहे हैं, जो मानवता के लिए एक शांतिपूर्ण भविष्य की पूर्व शर्त है।नोबेल समिति ने परमाणु हथियारों के खिलाफ वैश्विक विरोध उत्पन्न करने और उसे बनाए रखने के उनके अटूट प्रयासों के लिए निहोन हिडांदक्यो की प्रशंसा की।जापान में परमाणु बम विस्फोटों को लगभग 80 साल बीत जाने के बावजूद भी परमाणु हथियार दुनियाँ के लिए खतरा बने हुए हैं। यह पुरस्कार वैश्विक शांति के लिए बढ़ते खतरों की एक सख्त याद दिलाता है। समिति ने कहा कि परमाणु हथियारों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। जैसे-जैसे नए खतरे सामने आ रहे हैं, उनके इस्तेमाल के खिलाफ मानदंड दबाव में है।साथियों बात अगर हम अभी वर्तमान में शुरू युद्धों ?आगा ?की करें तो,मिडिल ईस्ट से लेकर रूस और यूक्रेन तक जंग ही जंग हो रही है। ऐसे में सबकी नजर इस बात पर थी है।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

# वनवास' का टीज़र जारी



ज़ी स्टूडियोज़ और अनिल शर्मा ने 'वनवास' का टीज़र जारी कर दिया है। टीज़र में नाना पाटेकर और उत्कर्ष शर्मा को अनोखे किरदारों में देखा जा सकता है, जहाँ उनके दमदार अभिनय ने पारिवारिक भावनाओं को नई ऊंचाई दी है और स्क्रीन पर गहराई ला दी है। टीज़र की हर एक लाइन दमदार है, जो परिवार की वफ़ादारी और प्यार और कर्तव्य के लिए किए गए त्याग को एक नया नज़रिया देती है।

अनिल शर्मा के द्वारा निर्देशित, मानवीय संवेदनाओं को उजागर करती फिल्म 'वनवास' परिवार, सम्मान और लोगों द्वारा किए जाने वाले त्याग के बारे में एक दिल छू लेने वाली कहानी है। इसका मकसद सिनेदर्शकों के साथ मजबूती से जुड़ना है। 'अपने', 'गदर-एक प्रेम कथा' और 'गदर 2' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर निर्देशक अनिल शर्मा ने ज़ी स्टूडियोज के साथ मिलकर एक ऐसी कहानी पेश की है जो खत्म होने के बाद भी दर्शकों के साथ लंबे समय तक रहेगी। यह फिल्म ज़ी स्टूडियोज के द्वारा वर्ल्ड वाइड 20 दिसंबर को रिलीज की जाएगी।

प्रस्तुति: काली दास पाण्डेय

# स्वांत सुखाय की भावना आत्मघाती, खुद पर रखें संयम

हर सुबह व्हाट्सएप ग्रुप, सोशल मीडिया पर कुछ लोग जाति नफरत और धर्म का प्रचार करते रहते हैं। हर दिन तस्वीर और एक धार्मिक स्लोगन, कट्टरता और एजेंडा !

इसे ठीक कह भी दूं तो यह समझ नहीं आता क्या उन्हें समाज में फैले अन्याय और शोषण दिखाई नहीं देते ? ऐसे लोग मानसिक अंधता की श्रेणी में आते है। इसके लिए एक तर्क देते हैं कि धर्म का प्रचार करने से शांति मिलती है लेकिन यह एक तरफा शांति हमारे समाज को कितना सुधरता होगी ? क्योंकि एनसीआरबी (नेशनल क्राइम ब्यूरो) के डाटा तो कुछ और कहते हैं। रेप मोब लिंचिंग हत्या सांप्रदायिक घटनाएं लगातार



**पंकज सीबी मिश्रा,**
**राजनीतिक विश्लेषक एवं पत्रकार**
**जौनपुर यूपी**

बढ़ रही है। ऐसे हालातो में स्वांत सुखाय लोगों को देखकर कहां जा सकता है कि अन्याय, शोषण और अपराध को नजर-अंदाज कर देने में किस तरह एक समाज पाखंडी बनकर रह जाता है। राम राज्य को स्थापित करते-करते हम लोग यह भूल गए कि अपराध की कोई धर्म और जाति नहीं होती लेकिन इन दिनों हमनें दुष्कर्मियों का स्वागत सत्कार भी देखा। उन्हें पैरोल पर छोड़े जाते भी देखा। हार माला पहनाते नेताओं को भी देखा।

यह दुष्कर्म को नापने की नयी परिभाषा है। अब इसी से तय होता है अपराध कितना छोटा और बड़ा है।

अगर समर्थित लोगों के राज्य में हो जाए तो अपराध छोटा है, और अगर विपक्षी के यहां हो जाए तो बड़ा, बहुत बड़ा और फिर शुरू होता है खेल सोशल मिडिया का। इधर अपराध अपराध की जगह सड़ता रहता है। अपराध को नापने के लिए यह नए किस्म की पात्रता लोगों ने हासिल कर ली है। हमें पता है इस देश में, इस बात से सहमत आने वाले लोग भी हैं।हमें पता है पोलराइजेशन एक राजनीतिक क़दम है। हमें पता है चिंदियों को सील कर बनाया गया कपड़ा कुछ लोगों को सुंदर नहीं लगता । हमें पता है बर्बरता और तबाही में कुछ लोग आनंद लेते हैं। क्या हमें पता है आंसुओं का कौन सा धर्म होता है। पंछियों की कौन सी सरहद होती है। पेड़ का धर्म क्या है, हवा पर किस जाति का नाम लिखा है।धरती पर कीलें ठोंक देने से मुस्कुराना कैसे संभव है। इंसान सिर्फ़ प्रेम करने के लिए पैदा हुआ है। बाकी कट्टरता और जाहिलपन तुम्हारे भीतर भरा गया है। कठुआ, उन्नाव, हाथरस, कोलकाता, उज्जैन, इस देश में शायद ही कोई ऐसा शहर बचा हो जहां बच्चियां दरिंदगी का शिकार नहीं हुई हो।

इस देश की गलीज और बजबजाती राजनीति सिर्फ़ यह ढूंढने में लगे रहती है कि विपक्ष के यहां रेप हो तो सिर्फ वही मुद्दा है और खुद के राज्य में शासन प्रशासन की दुहाई।अभी हाल ही में इसराइल के एक सैनिक का हीरो की तरह स्वागत किया गया। सम्मान का कारण इस सैनिक ने फिलिस्तीन की महिला का रेप किया था. उसे देश के आइकन की तरह प्रस्तुत किया गया। हमारे ही देश में बिलकिस बानो के रेपिस्टों का किस तरह हर माला पहना कर स्वागत किया गया था। यह बिल्कुल भी भूलने वाली बात नहीं। वाराणसी के आईआईटी बीएचयु में बी-टेक छात्रा के गैंग रेप के दो आरोपियों को 7 महीने बाद जमानत पर रिहा किया गया। इन दोनों का अपने गृह नगर में स्वागत और सत्कार हुआ । ऐसा इस देश में कब और कहां था और अगर था तो उतना ही लानत और भर्त्सना के लायक है जितना आज हम इस समाज में देख रहे हैं। अब यह बात सिर्फ़ राजनीति तक सीमित नहीं है, समाज के भी उतने ही पतनशील विचार को जाहिर करता है। एक बीमार समाज और घृणा की राजनीति दोनों पर्याप्त है इस देश को डूबोने के लिए ।

## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**
**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।** - संपादक

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**
**संपर्क करें -:**
मो.: 8423454502
email:bps.knp786@gmail.com

# नई विज्ञापन नियमावली लागू 15 हजार होर्डिंग हटाई गईं

## 200 नए यूनीपोल और 130 डिजिटल होर्डिंग के जरिये कर सकेंगे प्रचार

बीपीएस न्यूज

कानपुर। अब जमीन या रोड किनारे पर एक भी होर्डिंग लगी हुई नजर नहीं आएगी। इसे नगर निगम ने पूरी तरह समाप्त कर दिया है।

नगर निगम द्वारा अधिकृत होर्डिंग साइट्स को भी पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। कानपुर नगर निगम अब यूनीपोल और डिजिटल प्रचार को बढ़ावा देने जा रहा है। शहर से करीब 15 हजार अवैध होर्डिंग को पूरी तरह साफ कर दिया गया है।

नगर निगम विज्ञापन प्रभारी राजेश गुप्ता ने बताया कि शहर में 200 नए यूनीपोल और 130 साइट्स पर डिजिटल होर्डिंग लगाई जाएंगी। नगर निगम ने इसके लिए टेंडर भी कॉल किया है।

नगर निगम की इससे आय भी बढ़ेगी। नई विज्ञापन नियमावली लागू होने के बाद नगर निगम नए सिरे से विज्ञापन होर्डिंग के लिए टेंडर जारी कर रहा है। कानपुर में नगर निगम की जमीन पर गाड़कर दो पिलर्स पर होर्डिंग लगाने के लिए 250 वैध साइट्स थी। विज्ञापन एजेंसी नगर निगम से साइट्स ले ली थी, लेकिन इसकी आड़ में शहर के अंदर बड़े पैमाने पर अवैध होर्डिंग के जरिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा था। अब इसे पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। अवैध विज्ञापन करने वालों से जुर्माना भी वसूला जा रहा है। शहर के अंदर रूफटॉप होर्डिंग की भरमार हो गई है। कई लोग अवैध रूप से छतों को विज्ञापन के लिए दे देते हैं। ऐसे लोगों पर कार्रवाई करते हुए 217 लोगों को नगर निगम ने नोटिस जारी किया था। वहीं 10 घरों के हाउस टैक्स में ही विज्ञापन का शुल्क भी जोड़ दिया गया है।

टाटमिल चौराहा से 50 मीटर अंदर तक, कानपुर कैंट एरिया, स्वरूप नगर, जाजमऊ समेत अन्य स्थान।नगर निगम द्वारा चिन्हित सुपर कैटेगिरी में विज्ञापन एरिया मुरे कंपनी पुल से मेघदूत तिराहा, कचहरी चौराहा से लालइमली, बड़ा चौराहा से लालइमली, चुन्नीगंज चौराहा से मोतीझील गेट, रानीघाट से मर्चेंट चैंबर तक समेत अन्य। घंटाघटर चौराहा से टाटमिल चौराहा, बाकरगंज चौराहा से किदवई नगर, यशोदा नगर बाईपास तक, घंटाघर चौराहा से डिप्टी पड़ाव से सीसामऊ थाना, अशोक नगर से रामकृष्ण नगर समेत अन्य। इन इलाकों में विज्ञापन शुल्क 3200 से 1600 रुपए प्रति स्क्वायर मीटर है। सी केटीगरी में अहिरवां, सनिगवां, पोखरपुर, हंसपुरम, नया शिवली रोड से बारासिरोही नहर तक, अवधपुरी मोड़ से सेल टैक्स रोड तक, कंपनीबाग चौराहा से रामचंद्र चौराहा, बगिया क्रॉसिंग से केस्को चौराह समेत अन्य।

# दिवाली पर्व को लेकर नन्हे, मुन्ने बच्चों में बांटी खुशियां



बीपीएस न्यूज

कानपुर। दीपावली पर्व से पूर्व गरीब परिवारो के बीच उपस्थित होकर उनके भाव को समझना व समय समय पर लोगों की मदद करना हमारी टीम का उद्देश्य है।

बच्चों को खुशी देकर मन खुश हो जाता है। यह बात ओम जन सेवा संस्थान की कानपुर टीम की अध्यक्ष शिव देवी अग्रहरि (सीमा) ने आज गंगापुर कॉलोनी पातालेश्वर महादेव मंदिर यशोदा नगर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही, उन्होंने यह भी कहा कि वह 6 वर्ष से लगातार होली, दीपावली, दशहरा व रक्षाबंधन का त्यौहार गरीब बस्तियों में जाकर मनाती आ रही है जिससे मन खुश हो जाता है व मन को शांति मिलती है। आज बस्ती में कपड़े, मिठाई, बिस्कुट, कुरकुरे वितरण किया।? इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिव देवी अग्रहरि (सीमा), शिखा अवस्थी , शैलेन्द्र गुप्ता, सौरभ तिवारी, शालू आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाशों के पैर में लगी गोली, घायल

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कमिश्नरेट के फजलगंज थाना/चौकी पुलिस के कार्यवाही के दौरान बदमाशो से मुठभेड़ सेंट्रल जोन डीसीपी दिनेश त्रिपाठी के दिशा निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो की धरपकड़ के चलते एसीपी के आदेशों का पालन करते हुए थाना प्रभारी ने फजलगंज थाना क्षेत्र में पुलिस के गुप्त सूत्रों की सूचना एवं क्षेत्र में लगातार संघन चेकिंग अभियान के चलते फजलगंज थाना प्रभारी सुनील सिंह एवं उनकी सहयोगी पुलिस टीम में मील एरिया चौकी प्रभारी कविंद्र खटाना, ई स्टेट चौकी इंचार्ज लोकेंद्र कुमार,हेड कांस्टेबल ब्रजपाल ,कांस्टेबल नवीन ने शातिर बदमाशों को धर पकड़ कर दबोचा।फजलगंज थाना/चौकी पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में एक के बाद एक कार्यवाही के चलते बदमाशो ओर अराजकतत्वों में दहशत का माहौल। पुलिस की कार्यवाही के चलते शातिर बदमाशों के पैर में लगी गोली। कानपुर कमिश्नरेट के फजलगंज थाना/ चौकी पुलिस की लगातार कार्यवाही से फजलगंज थाना क्षेत्र के व्यापारियों एवं क्षेत्र की जनता ने पुलिस की सराहना की।

## अयोध्या राम मंदिर में 28 लाख दीये जलाए

कानपुर। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला दीपोत्सव है और इस कार्यक्रम को भव्यता और दिव्यता देने के लिए हर संभव प्रयास किया गया है। इस साल नए रिकॉर्ड बनाने के लिए कई काम किए जाएंगे। आज के कार्यक्रम में, जयवीर सिंह ने कहा, संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत यहां होंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ इस कार्यक्रम में शामिल होंगे...कई देशों से कलाकार आ रहे हैं। इस साल खास बात यह होगी कि हम अपने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए 28 लाख दीये जलाने में कामयाब रहे हैं। इसके अलावा हम आरती भी करेंगे।

# पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने बाजारों में पैदल गश्त कर दिए निर्देश



बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लाल बंगला थाना चकेरी अन्तर्गत मय पुलिस फोर्स के साथ पैदल गश्त की व सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गश्त द्वारा भीड़-भाड़ वाले इलाकों में शांति व्यवस्था बनाए रखना, सुरक्षा का माहौल सुनिश्चित करना और किसी भी संभावित असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखना था। त्योहारों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की जिससे नागरिकों की सुरक्षा और त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाये जाए। व्यापारियों और दुकानदारों से संवाद स्थापित कर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया।भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भीड़ प्रबंधन और यातायात की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित किया गया पैदल गश्त में प्रभारी निरीक्षक चकेरी मौजूद रहे ।

# कान में लीड लगाए सिपाही की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

चित्रकूट। दीपदान मेले में ड्यूटी पर आए जीआरपी में तैनात सिपाही की बुधवार को कर्वी स्टेशन के आउटर पर मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि सिपाही कान में लीड लगाए था। इससे दूसरे छोर से आ रही ट्रेन की आवाज नहीं सुन सका। जीआरपी थाना प्रभारी अजय भदौरिया ने बताया कि एटा जिले के अलीगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम बिल्सड़, थाना राजा का रामपुर निवासी सिपाही विकास कुमार पांडेय (47) वाराणसी में तैनात थे। सोमवार को चित्रकूट दीपदान मेले में ड्यूटी पर आए थे। मंगलवार की रात कर्वी स्टेशन के मानिकपुर की तरफ आउटर पर टहल रहे थे। तभी मानिकपुर की ओर से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आने मौत हो गई। जानकारी होने पर जीआरपी ने परिजनों को सूचना दी और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटनास्थल पर मौजूद कुछ यात्रियों व स्थानीय लोगों ने बताया कि विकास के कान में लीड लगी थी। टहलते हुए पटरी के बेहद करीब आ गए थे। इसी बीच ट्रेन को आता देख कुछ लोगों ने चिल्लाकर हटने के लिए कहा, लेकिन उन्हें सुनाई नहीं दिया। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गए।

## गंगा टास्क फोर्स ने अनोखे अंदाज में मनाया दिवाली पर्व

बीपीएस न्यूज

कानपुर। भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ बटालियन टी ए 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने अपने आवास प्रांगण में दिवाली पर्व पौधा भेंट कर खुशियां बांटी। इस दौरान सूबे दार समरजीत सिंह ने बताया कि विगत 6 सालों से गंगा स्वच्छता अभियान,पौधा रोपण, घाटों की गश्त, जागरूकता अभियान निरंतर कर रही है। आगे बताया कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए अपने आसपास के वातावरण को साफ और स्वच्छ रखें। सकारात्मक सोच रखना ही आपकी मानसिक स्वच्छता के लिए फायदेमंद है ।

स्वच्छ वातावरण के लिए पटाखों से दूरी बनाएं और हंसी खुशी त्योहार मनाएं। इस मौके पर सूबेदार समर जीत सिंह, टेक बहादुर, कस्तूरी लाल, राजेश कश्यप,अंकुर गुप्ता आदि रहे ।

# त्योहार को लेकर क्षेत्र में भ्रमण कर व्यापारियों से की वार्तालाप



बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर ट्राफिक पुलिस रवीन्द्र कुमार द्वारा धनतेरस व आगामी दीपावली आदि के मद्देनजर सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत बिरहाना रोड थाना क्षेत्र फीलखाना से लेकर थाना कलक्टरगंज क्षेत्र में भ्रमण किया गया, स्थानीय व्यापारी बंधुओं से वार्तालाप की गयी एवं सम्बन्धित को सुगम यातायात हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अर्चना सिंह व एसीपी कलक्टरगंज एसीपी कोतवाली, प्रभारी निरीक्षक फीलखाना, प्रभारी निरीक्षक कलेक्टरगंज, यातायात निरीक्षक पूर्वी द्वितीय, सिविल डिफेंक्स व अन्य पुलिस बल मौजूद रहे।

# सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बोले- भाजपा एजेंट के रूप में कार्य कर रहे अधिकारी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। भाजपा सरकार के इशारे पर कानपुर महानगर के अधिकारी भाजपा एजेंट के रूप में कार्य कर रहे हैं। वो मतदाताओं व कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने के साथ अभद्र टिप्पणी करके उत्पीड़न कर रहे हैं, क्योंकि भाजपा सपा के बढ़ते जनाधार से घबरा रही है।इसके चलते प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कार्यकर्ताओं पर जबरन दबाव बनाकर मतदान प्रतिशत घटाने का षड्यंत्र कर रही है। यह बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सीसामऊ विधानसभा के प्रभारी पूर्व एमएलसी सुनील यादव साजन ने मीडिया से बातचीत करते हुए कही।मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का उत्तर देते हुए सुनील यादव साजन ने कहा कि भाजपा अगर सपा नेताओं की सूची बना रही है, तो सपा भी भाजपा एजेंट के रूप में कार्य कर रहे सभी अधिकारियों की सूची बना रही है। उन्होंने चमनगंज थाना अध्यक्ष दिनेश सिंह बिष्ट पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि थाना अध्यक्ष अपने आप को मुख्यमंत्री का रिश्तेदार बात कर सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं के निवास पर बिजली विभाग, केडीए और नगर निगम द्वारा जबरन छापा डलवाकर भय का माहौल तैयार कर रहे हैं।

# असाइनमेंट सबमिट करने पर एचबीटीयू छात्र का सिर फोड़ा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। एचबीटीयू में रैगिंग की घटना के बाद अब छात्रों के बीच पढ़ाई को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। दादागीरी करने वाले एक छात्र ने असाइनमेंट सबमिट करने पर बीटेक छात्र को पीट कर उसका सिर फोड़ दिया। लहूलुहान छात्र ने तहरीर देकर दो बीटेक छात्रों व अन्य पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने उसका मेडिकल कराकर जांच शुरू कर दी है।कमला नगर नजीराबाद निवासी दीपक कुमार दीक्षित निजी कोचिंग चलाते हैं। उनका 30 वर्षीय बेटा उदय दीक्षित एचबीटीयू में बीटेक प्लास्टिक इंजीनियरिंग में द्वितीय वर्ष का छात्र है। उदय का आरोप है कि उसी का सहपाठी लखनऊ निवासी अभिनंदन सिंह सेंगर और भूपेन्द्र यादव पढ़ाई को लेकर उससे रंजिश मानते हैं। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 25 अक्टूबर को उसे जमकर मारापीटा और डंडा मारकर सिर फोड़ दिया। उदय ने पुलिस को बताया कि अभिनंदन सिंह क्लास रिप्रेजेंटेटिव है जो कम ही कॉलेज आता था। वर्ष 2023 में अभिनंदन ने मास बंक की कॉल ऑन की थी पर उसने इसमें साथ नहीं दिया था। इस बात को लेकर दोनों आरोपी उससे रंजिश मानने लगे थे। आरोप है कि 25 अक्टूबर को असाइनमेंट सबमिट होना था और अभिनंदन का कहना था, कि कोई छात्र असाइनमेंट सबमिट नहीं करेगा उसने सबमिट कर दिया। जिसके बाद दोनो आरोपियों ने साथियों के साथ घेर लिया औ उसे बेल्ट व डंडे से जमकर मारापीटा। इस संबंध में नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि अभिनंदन सिंह, भूपेन्द्र यादव व अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

# मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी की तैयारी, सीसामऊ में बीजेपी का मुस्लिम सम्मेलन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में सपा के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी के लिए भाजपा एक नवंबर को चमनगंज में मुस्लिम समाज का सम्मेलन आयोजित करेगी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सलीम अहमद ने बताया कि अल्पसंख्यकों को केंद्र की मोदी और यूपी की योगी सरकार पर भरोसा है। उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुस्लिम बहुल 96 बूथों में 80 बूथों पर कमेटियों का गठन किया जा चुका है।

दीपावली पर प्रभारी एवं योगी सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना का कहना है, कि अल्पंख्यक समाज भाजपा के साथ है। मुस्लिम समाज सम्मेलन में उनके अलावा एमएलसी मानवेंद्र सिंह, राज्य सरकार के मंत्री दानिश आजाद शिरकत करेंगे।

वहीं, सपा विधायक मोहम्मद हसन रूभी ने बताया कि दीपावली के बाद पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, सांसद डिम्पल यादव समेत पार्टी मुस्लिम दिग्गज नेताओं के कार्यक्रम मांगे गए हैं। उधर, भाजपा के मीडिया सेल से मिली जानकारी के मुताबिक प्रचार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य का कार्यक्रम मांगा गया है। त्रिकोणीय संघर्ष बनाने की कोशिश में बसपा ने सीसामऊ उपचुनाव में ब्राह्मण प्रत्याशी उतारकर भाजपा को नुकसान पहुंचाने की अटकलों को हवा दी है। सीट पर 52 से 55 हजार दलित वोटों पर भी बसपा की नजर है। बसपा की कोशिश चुनावी मुकाबला त्रिकोणीय बनाने की है। इसके लिए सीसामऊ में राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद, सतीश मिश्रा व कुछ दलित नेताओं के कार्यक्रम मांगे गए हैं। बसपा नेताओं का कहना कि पार्टी सुप्रीमो मायावती सीसामऊ उपचुनाव को त्रिकोणीय मुकाबला बनाना चाहती हैं, ताकि सपा का पीडीए कमजोर पड़ जाए।

# चापड़ से गर्दन काटकर युवक की हत्या; आरोपी ने 2 अन्य लोगों पर भी किया हमला

बीपीएस न्यूज

कानपुर। बिल्हौर थाना क्षेत्र के कसिगवा गांव में छोटी दीपावली के दिन एक शाम एक घटना ने गांव में सनसनी मचा दी। गांव के विनय पुत्र राज बहादुर ने गांव के ही तीन लोगों पर हमला कर दिया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए।

घटना शाम 6-30 बजे के आसपास की है। जब गांव के मजरे मकरंदी निवादा गांव निवासी कुलदीप पुत्र जय सिंह (29) पानी भरने गांव के राम बहादुर सिंह के दरवाजे जा रहा था। तभी रास्ते में ही गांव के युवक विनय पुत्र राज बहादुर राठौर ने हमला करते हुए चापड़ से युवक की गर्दन काट डाली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हत्या करने के बाद युवक गांव के बगल में ही एक किराने की दुकान में पहुंच गया और वहां पर समान खरीद रहे विजय पुत्र भारत पर हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर बीच-बचाव करने आए गांव के रामबाबू पर भी राज बहादुर ने हमला कर दिया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना रहा। आरोपी मौके से फरार हो गया। इधर घटना के बाद आरोपी के परिजनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस से ग्रामीणों की झड़प

भी हो गई। जैसे-तैसे थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने पीड़ित परिवारीजनों को समझा बुझाकर शांत कराया और मृतक कुलदीप के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। इधर देर रात गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। युवक की हत्याकांड में जुड़े तथ्यों में अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि हत्या का करण क्या है। लेकिन गांव में सुगबुगाहट आशनाई की भी है। हालांकि पुलिस की ओर से हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। हमलावर युवक ने चापड़ से हमला करते हुए युवक की गर्दन पर सीधे वार किया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।मृतक कुलदीप की दीपावली के बाद ही सगाई होने वाली थी। गांव के लोगों ने बताया कि दो भाइयों में बड़ा कुलदीप बहुत सज्जन था और किसी से झगड़ा फसाद भी नहीं करता था। घटना के बाद भी बाद तमाम लोगों में इस बात की कौतूहल मची है कि आखिर क्या ऐसी बात हुई जिसके कारण हमलावर युवक ने उसको मौत के घाट उतार दिया।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अभियान चलाकर की कार्रवाई

## -बस अड्डे के पास 150 किलों मिलावटी खोया, 310 किलो बूंदी और 120 किलो सूजी हलवा कराया नष्ट

बीपीएस न्यूज

कानपुर। त्योहार पर मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। मिलावट की आशंका पर 150 किलो खोया, 310 किलो बूंदी और 120 किलो सूजी हलवा नष्ट कराया। वहीं, अलग-अलग स्थानों से 20 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई होगी। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय संजय प्रताप सिंह ने त्योहार पर मिलावटी पदार्थों की बिक्री पर रोक के लिए मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में टीम का गठन किया है। टीम ने मंगलवार देर रात को मिलावट की आशंका पर झकरकटी बस अड्डा के पास से 150 किलो खोया को नष्ट कराया। वहीं श्री साईं प्रोडक्ट बगाही से 310 किलो बूंदी और 120 मिलो सूजी हलवा को मिलावट के संदेह पर नष्ट कराया गया। इसके अलावा टीम ने अलग-अलग स्थानों से 20 खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। टीम ने यशोदा नगर, किदवई नगर, भाटिया तिराहा, नौबस्त फजलगंज, चकेरी, लालबंगला, सुतरखाना, शिवकटरा, अहिरवां, चमनगंज में अभियान चलाया। जहां से खोया, मश्रित दूध, छेना मिठाई, पनीर, घी, गुलाब जामुन, सूजी जामुन, सूजी हलवा और मगदल सहित कुल 20 नमूने लेकर जांच को प्रयोगशाला भेजा गया है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एक लाख 85 हजार में बिका गधा

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में दीपावली के दूसरे दिन लगने वाला गधा मेला लोगों के लिये कौतूहल का विषय बना हुआ है। इस मेले में सलमान खान नाम के एक गधे को एक लाख 85 हजार रुपये में खरीदा गया। मेले में जहां एक ओर धर्म और आध्यात्म से जुड़ी गतिविधियों का बोलबाला रहता है, वहीं यहां लगने वाला गधा मेला भी लोगों के लिये कौतूहल का विषय होता है।जिले में कई प्रदेशों से हजारों की संख्या में आये विभिन्न नस्लों के गधों की खरीद-फरोख्त के बड़े केंद्र के रूप में विकसित इस गधा मेले में विभिन्न कद-काठियों के गधों को देखने के लिये भी लोगों की खासी भीड़ जुटती है। चित्रकूट में मन्दाकिनी नदी के किनारे लगने वाले गधे मेले में इस बार लगभग 1000 गधे आये, जबकि विगत वर्ष लगभग 2000 गधे एकत्र हुये थे। गधा मेला के ठेकेदार रमेश पांडे ने बताया कि अनेक प्रकार के इन गधों की कीमत 18000 हजार से लेकर 185000 रुपये तक रही। सलमान खान नाम का गधा 185000 रुपये में बिका जबकि शाहरुख खान नाम का गधा 125000 में बिका।

यहां तमाम गधों का नाम फिल्मी हस्तियों और हीरो-हीरोइन के नाम पर रखे गये थे। गधा व्यापारी पांडे ने बताया कि लाखों रुपये के लेन-देन के बावजूद इस मेले में सुरक्षा के कोई इंतजाम न होने से व्यापारी काफी चिंतित और परेशान दिखे। दूर-दूर से आने वाले गधे व्यापारियों के लिये प्रशासन की ओर से कोई सुविधा भी उपलब्ध नहीं कराई गयी थी। चित्रकूट में लगने वाला यह गधा मेला गधे का व्यापार करने वालों के लिये मुनाफा कमाने का अवसर लेकर आता है।

# पूर्व विधायक इरफान सोलंकी को जेल भिजवाने वाली नज़ीर फातिमा बोलीं- नसीम विधायक बनीं तो बढ़ जाएंगी मुश्किलें

बीपीएस न्यूज



कानपुर। सीसामऊ विधानसभा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के जेल जाने के बाद अगर नसीम सोलंकी विधायक बनीं तो मेरे लिए मुश्किलें काफी बढ़ जाएंगी। चुनाव प्रचार के दौरान मेरे नाम का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है ।साथ ही समाज में बदनाम करने का काम किया जा रहा है। मैं सीसामऊ की वोटर भले नहीं हूं, लेकिन भाजपा के लिए क्षेत्र में वोट जरूर मांगूंगी। यह बात परेड स्थित एक होटल में नजीर फातिमा ने बोलीं। जाजमऊ के डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा ने गुरुवार दोपहर परेड स्थित एक होटल में प्रेसवार्ता की। कहा कि नसीम सोलंकी चुनाव प्रचार के दौरान नजीर फातिमा को बदनाम कर रही हैं। कहा जा रहा है कि नजीर फातिमा फर्जी है और प्लॉट पर कब्जा किया है, जो पूरी तरह गलत है।

हां पहले यह जरूर कहा था कि नसीम के खिलाफ कुछ नहीं बोलूंगी और वो चुनाव लड़ती हैं तो अच्छा है। लेकिन मौजूदा समय में जिस तरह से चुनाव प्रचार के दौरान बदनाम करने का काम किया जा रहा है, उससे वह काफी आहत है। यह पूरी तरह गलत है ।नसीम सोलंकी यह कह रहीं है कि उन्होंने मेरे साथ जो किया उन्हें अल्लाह देखेगा। इसलिए मुझे नसीम सोलंकी के विरोध में आना पड़ा। वहीं, जिस प्लॉट पर आगजनी कर कब्जाने की कोशिश की गई, उस पर नजीर फातिमा का कहना है कि वर्ष-2021 में प्लॉट खरीदने के लिए 40 लाख रुपये में इरफान और उनके भाई रिजवान से सौदा तय हुआ था ।लिखापढ़ी कर उन्होंने तीन लाख रुपये दिए थे। लेकिन इसके बाद कोई रुपये नहीं दिए गए। लेकिन केडीए की मिलीभगत से उन्होंने प्लॉट कब्जाने का पूरा प्रयास किया।

# सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी पहुंचीं वनखंडेश्वर मंदिर...बाबा शिव का किया जलाभिषेक





कानपुर। पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के जेल जाने के बाद सपा ने सीसामऊ विधानसभा से प्रत्याशी उनकी पत्नी नसीम सोलंकी को बनाया है, 13 नवंबर को उपचुनाव होने है। उपचुनाव से पहले नसीम सोलंकी ने मंदिर में जाकर दीपावली की रात दर्शन किया, इसके बाद वह गुरुद्वारे भी गई।

पी रोड स्थित वनखंडेश्वर मंदिर में सीसामऊ विधानसभा सीट के अंतर्गत आता है। इस मंदिर में गुरुवार की रात नसीम सोलंकी पहुंची। नसीम सोलंकी ने वनखंडेश्वर मंदिर में भगवान शिव के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। साथ ही उन्होंने दीपक भी जलाए।

सीसामऊ विधानसभा सीट को समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर अधिकांश सपा का कब्जा रहा है। प्रदेश के अन्य सीटों की तरह यहां भी जातीय समीकरण काफी मायने रखते हैं।

मुस्लिम, ब्राह्मण और दलित मतदाता प्रत्याशियों के हार-जीत में बड़ी भूमिक अदा करते हैं। इनमें से एक भी समुदाय का वोटर अगर भटकता हैं तो सियासी समीकरण ध्वस्त हो जाते हैं।

दीपावली के पर्व पर सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने बाबा वनखंडेश्वर मन्दिर में न सिर्फ शिवलिंग पर जल चढ़ाया, बल्कि दीए भी परिसर में जलाए। इससे उन्होंने ब्राह्मण और दलित मतदाता दोनों को साधने का प्रयास किया। वहीं उन्होंने गुरुद्वारा में भी माथा टेका।

# पुलिसकर्मी ने ही दूसरे पुलिसकर्मी को ठग लिया

कानपुर,। कानपुर में एक अजब-गजब वारदात सामने आई है। यहां एक पुलिसकर्मी ने ही दूसरे पुलिसकर्मी को ठग लिया। बाइक दिलाने का झांसा देने के नाम पर पुलिस कर्मी से एक लाख से ज्यादा की धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया। पीड़ित सिपाही ने कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

पुलिस लाइन कानपुर में तैनात सशस्त्र पुलिस बल के सिपाही खुर्शीद आलम ने रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोप है कि उन्होंने एक बाइक लेनी थी। इसके लिए चटसारी जालौन निवासी सुमित कुमार वर्तमान समय में कानपुर पुलिस लाइन में तैनात हैं। उसने व्हाट्सएप पर खुर्शीद आलम को बाइक की फोटो भेजी। इतना ही नहीं, खुर्शीद आलम ने 1.36 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिया। धोखाधड़ी का अहसान होने पर पीड़ित ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

# दीपावली की रात दीये से लगी आग

## बिस्किट कारोबारी पति-पत्नी व नौकरानी की मौत, बेटा गंभीर, ज्योति हत्याकांड फिर सुर्खियों में आया





बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर में मंदिर में रखे दिये से घर में भीषण आग लग गई, जिसमें दंपति और घर में काम करने वाली नौकरानी की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे में उनका बेटा भी गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां इलाज जारी है।

काकादेव थाना क्षेत्र स्थित एक घर में पति-पत्नी लकड़ी के मंदिर में दिया जलाकर सो गए। थोड़ी देर बाद घर में आग लग गई। आग के विकराल रूप लेने पर घर में मौजूद चारों लोग बाहर नहीं निकाल पाए।



घर से धुआं उठता देख पुलिस को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया। आग बुझाने के बाद घर से पति-पत्नी, बेटा और नौकरानी को बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में चारों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने दंपति और नौकरानी को मृत घोषित कर दिया। वहीं बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है।

इन तीनों लोगों की हुई मौत जिनमें मरने वाले संजय श्याम दासानी, पत्नी कनिका दासानी, नौकरानी छबि चौहान

पांडु नगर स्थित तीन मंजिल के आलीशान मकान में में बिजनेसमैन संजय श्याम दासानी, पत्नी, बेटे और मेड के साथ रहते थे। गुरुवार रात घर में दिवाली पूजन किया गया। इसके बाद परिवार के सभी लोगों ने खाना खाया और कमरे में सोने चले गए।

इस दौरान मंदिर का दीया जलता रहा। देर रात दीये से घर में आग लग गई। परिजनों ने बताया कि बिजनेसमैन का बेटा हर्ष हादसे के समय घर पर मौजूद नहीं था। वह दिवाली के चलते दोस्तों के साथ पार्टी करने गया था। देर रात लौटने पर उसने आसपास के लोगों और पुलिस को सूचना दी।

2014 में ज्योति मर्डर केस के बाद ही परिवार सुर्खियों में आया था, पीयूष ने ही अपनी प्रेमिका के चक्कर में पत्नी ज्योति की सुपारी देकर हत्या करवा दी थी।

# पटाखे की चिंगारी से फर्नीचर शोरूम समेत तीनों स्थानों पर लगी भीषण आग

बीपीएस न्यूज



कानपुर। दीपावली के मौके पर कमिश्नरेट के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में गुरुवार रात भीषण आग लग गई। फर्नीचर गोदाम समेत दो के घरों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया

जिससे पीड़ितों का लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आसपास रहने वाले लोगों ने दमकल विभाग समेत संबंधित थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग को देर रात बुझा दिया। फिलहाल किसी के कोई जनहानि की सूचना नहीं है ।सीसामऊ थाना क्षेत्र के भदौरिया चौराहा पर अंजनी फर्नीचर में गुरुवार रात करीब 10.30 बजे के आसपास आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही आधा दर्जन से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची ।सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया किअंजनी फर्नीचर में आग लग गई।

आग की सूचना पर फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग आसपास के दुकान और घरों में भी फैल सकती थी इसे रोकने के लिए फायर ब्रिगेड के जवानो ने अथक प्रयास किया। आग की सूचना पर शोरूम मालिक भी मौके पर पहुंचे, आग देखते ही फर्नीचर शोरूम मालिक और उनके परिवार के लोग बदहवास हो गए।

फायर ब्रिगेड की गाड़ियां प्राथमिकता है कि आग आसपास के घरों और दुकानों में नहीं फैल पाए। आग की ऊंची ऊंची लपटे देख अगल बगल के लोग घर खाली करके सड़क पर आ गए। सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी ने फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर भदौरिया चौराहा और लेनिन पार्क से आ रहे यातायात को दूसरी रास्ते से डायवर्ट किया।

इस दौरान सैकड़ो की भीड़ धधक रहे शोरूम का वीडियो बनाने में जुटी रही। आग ने पूरी तरीके से शोरूम को जलाकर राख कर दिया जिससे लाखों रुपयेका नुकसान अनुमान लगाया जा रहा है। देर रात करीब 12-15 बजे के आसपास हाथ पैर बुरी तरह कैसे काबू पाया जा सका है।

वहीं फीलखाना थाना क्षेत्र के कराचीखाना इलाके में एक मकान में पटाखे की चिंगारी से भीषण आग लग गई जिससे लाखों का नुकसान हो गया। गर्मियों में कुछ समय पर आग पर काबू खा लिया। इसी तरह नौबस्ता थाना क्षेत्र के मछरिया इलाके में देर रात एक कार्यालय में आग लग गई। ।जिससे वहां पर मौजूद लोगों में हड़कप मच गया। दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

इस संबंध में सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि तीन स्थानों में अभी तक पटाखे की चिंगारी से आग लगने की बात सामने आ रही है फिर भी मामले की जांच की जा रही है। घटनाओं में किसी प्रकार से कोई जानकारी नहीं हुई है।

# महिला ने सिपाही पति और ससुरालीजनों पर लगाया मारपीट व प्रताड़ना का आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच

बीपीएस न्यूज

कानपुर। महाराजपुर थानाक्षेत्र से एक दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है, जहां महिला ने सिपाही पति और ससुरालीजनों पर प्रताड़ना और घर से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले में तहरीर दी जिसके आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

महाराजपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने महाराजपुर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी शादी तीन वर्ष पूर्व एक सिपाही से हुई थी। पति इस समय प्रयागराज में तैनात है। उसका डेढ़ वर्ष का बेटा है। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति गालीगलौज व मारपीट करने लगा। छह माह पूर्व पति अपने साथ प्रयागराज ले गए। वहां भी उसके साथ मारपीट की गई। प्रताड़ना के कारण वह मायके चली गई। आरोप लगाया कि सास-ससुर के पास रहने के लिए गई तो ससुरालीजनों ने घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने महाराजपुर थाने में तहरीर देकर मामला दर्ज करने के लिए कहा। इस संबंध में महाराजपुर थाना प्रभारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि जांच की जा रही है, इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# कानपुर में 2800 कारें बिकीं, जिनमें 3 करोड़ की 3 बीएमडब्लू...दोपहिया वाहन भी लोगों ने जमकर खरीदे



बीपीएस न्यूज

कानपुर। धनतेरस पर ऑटोमोबाइल कारोबार पर जमकर धनवर्षा हुई। महंगी कारों के शो रूम्स में ग्राहकों की भीड़ जुटी। 3-3 करोड़ रुपये की 3 बीएमडब्लू बिकीं। फजलगंज स्थित बीएमडब्लू शोरुम में एक्सएम मॉडल की 3 कारों की बिक्री हुई। कारों के 17 डीलरों ने 2800 कारों की बिक्री की।

इनमें 106 कारें ऐसी रहीं, जिनकी कीमत 25 लाख से अधिक रही। 50 लाख रुपये तक की 91 कारों की डिलीवरी हुई। इलेक्ट्रिक कारों के प्रति रुझान रहा। 200 से अधिक इलेक्ट्रिक कारें सड़कों पर दौड़ने के लिए तैयार हुईं। दोपहिया वाहनों की भी खरीदारी जमकर हुई। इलेक्ट्रानिक स्कूटी के प्रति युवाओं ने पसंद दिखाई। शोरूम्स में पूरे दिन ग्राहकों की डिलीवरी के लिए भीड़ रही।

धनतेरस के मौके पर बाजारों में इस कदर भीड़ उमड़ी कि पैदल चलने का रास्ता तक नहीं मिला। हालांकि कहीं ज्यादा देर तक जाम नहीं लगा। यातायात पुलिस ने कई स्थानों पर बेरीकेडिंग कर रखी थी। हर बार की तरह बिरहाना रोड, मेस्टन रोड पर जाम नहीं दिखाई दिया। माल रोड से बिरहाना रोड की ओर किसी भी वाहन को जाने नहीं दिया गया ।माल रोड, मेघदूत के पास पार्किंग व्यवस्था होने के कारण वहां से बिरहाना रोड तक लोगों को पैदल जाना पड़ा। इसी प्रकार मूलगंज चौराहा पर बेरीकेडिंग की गई ताकि कोई वाहन मेस्टन रोड पर नहीं जा सके। यही हाल पी रोड पर था, यहां भी लोग बनाए गए अस्थाई पार्किंग स्थल पर वाहनों को खड़ा करना पड़ा।

# जिम ट्रेनर की मिली 10 दिन की रिमांड...आरोपी विमल सोनी के कई महिलाओं से थे संबंध, नाम सार्वजनिक हुए तो उजड़ेंगे कई घर




कानपुर। शेयर कारोबारी राहुल गुप्ता की पत्नी एकता गुप्ता की हत्या कर शव दफनाने के आरोपी जिम ट्रेनर विमल सोनी की कोर्ट से 10 दिन की रिमांड पुलिस को मिल गई है। अब अफसर उससे और राज उगलवाएंगे। अभी यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं हुआ है कि विमल सोनी ने एकता की हत्या क्यों की और आखिर किस तरह हाई सिक्योरिटी जोन में शव दफना दिया। सूत्रों ने बताया कि विमल सोनी के कई महिलाओं से संपर्क थे, अगर उनके नाम सार्वजनिक हुए तो उन महिलाओं के घर उजड़ जाएंगे। इसी वजह से उनके नाम गोपनीय रखे गये हैं।

आरोपी की कॉल डिटेल में कई महिलाओं के संपर्क में होने की बात सामने आई है। वह रईस घराने की महिलाओं को अपने टारगेट पर लेता था। इसके बाद नजदीकी बढ़ाकर ब्लैकमेलिंग का खेल खेलता था। अश्लील चैट और कॉल डिटेल के साथ कई ऐसे साक्ष्य हैं, जो इस तरफ इशारा कर रहे हैं ।मंगलवार को एकता गुप्ता के शुक्लागंज ऋषि नगर स्थित मायके में डीसीपी श्रवण कुमार सिंह फोर्स के साथ पहुंचे। उन्होंने एकता के पिता रमेश, मां सुनीता और भाई आदित्य से बात की। मां सुनीता ने एसीपी से आग्रह किया कि आरोपी विमल को फांसी की सजा दिलाई जाए। डीसीपी ने बताया कि विमल की कोर्ट से दस दिन की रिमांड मिली है। इस दौरान पुलिस उससे जरूरी जानकारी और सबूत जुटाएगी ताकि उसे कड़ी सजा दिलाई जा सके।

# भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

कानपुर। सीसामऊ विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को वैदिक मंत्रों के बीच हुआ। प्रदेश सरकार में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, पूर्व मंत्री प्रेमलता कटियार की मौजूदगी में फीता काटकर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मानवेंद्र सिंह, चुनाव संयोजक राहुल बच्चा सोनकर, महापौर प्रमिला पांडे, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, सांसद रमेश अवस्थी, विधायक सुरेंद्र मैथानी, नीलिमा कटियार, महेश त्रिवेदी समेत कई दिग्गज नेता रहे। बन्नू बिरादरी गुरुद्वारा जीटी रोड के बगल में खुले भाजपा कार्यालय में पार्टी के सैकडों कार्यकर्ताओं ने एकत्र गगन भेदी नारे लगाये।

सुरेश खन्ना ने कहा कि उत्तर प्रदेश में होने वाले 9 में से 8 सीट पर उपचुनाव किसी विधायक के सांसद बनने के कारण हो रहे हैं। जबकि एक चुनाव सीसामऊ विधानसभा का समाजवादी पार्टी के विधायक द्वारा आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कारण कराया जा रहे हैं। अब यही बात हमें कार्यकर्ताओं को घर-घर दस्तक देकर बतानी है।

इसके बाद जरीब चौकी महाराणा प्रताप चौक तक रन फॉर यूनिटी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोनों कार्यक्रमों में दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह, पवन प्रताप सिंह, अनीता गुप्ता, दिवाकर मिश्रा, अनूप अवस्थी, अनुराग शर्मा, गौरव पांडे, अभिमन्यु सक्सेना, करण सिंह यादव, आनंद मिश्रा, दीपक सिंह, नवाब सिंह आदि रहे।

# 28 लाख दीयों से जगमग हुई अयोध्या



भव्य दीपोत्सव के जहत अयोध्या आज पूरी तरह से जगमग है। दीपोत्सव समारोह के तहत अयोध्या में सरयू नदी के तट पर 28 लाख दीये जलाए गए। इसके साथ ही लेजर और लाइट शो देखने को मिला है। साउंड-लाइट शो के ज़रिए रामलीला का वर्णन किया गया। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अयोध्या में सरयू नदी के तट पर 'आरती' की। योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में पूजा की, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे।

योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के परिसर में दीये जलाए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म ने कभी किसी का अहित नहीं किया, सबको गले से लगाया। जो भी मानवता के मार्ग में, विकास के मार्ग में बैरियर बनेगा, उसकी वही दुर्गति होनी है जो उत्तर प्रदेश के माफियाओं की हुई है। उन्होंने कहा कि यह वर्ष अयोध्या के लिए अद्भुत, अनुपम, अलौकिक है जब इस वर्ष 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करके एक बार फिर राम लला अपने धाम में विराजमान होकर दुनिया के सभी पीड़ितों को ये संदेश दे गए कि कभी भी अपने पथ से विचलित नहीं होना चाहिए।

योगी ने कहा कि आज हमारे पास यह अवसर है उन सभी आत्माओं को स्मरण करने का जिनका पूरा जीवन राम जन्मभूमि आंदोलन के लिए समर्पित था। मैं इस अवसर पर उन सभी पूज्य संतों को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि जो 3.5 लाख की संख्या में अपनी शहादत देकर एक ही तमन्ना के साथ इस धरा से अल्विदा हो गए कि अयोध्या में चाहें कुछ भी हो इस धरा पर राम मंदिर का निर्माण होना चाहिएज् उनका संकल्प पूरा हुआ। राम लला के विराजमान होने के बाद ये दीपोत्सव का पहला अवसर है। इससे पहले हम लोग बोलते थे और जो हमने कहा वो करके भी दिखाया।

योगी ने कहा कि यह तो बस शुरुआत है और इस शुरुआत को अपने तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचना है। इसलिए 2047 तक जब देश अपनी आजादी के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाएगा, तो काशी और मथुरा को भी अयोध्या की तरह चमकना चाहिए। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने अपना वादा (राम मंदिर का निर्माण) पूरा किया है और अब अयोध्या को खुद को साबित करने की बारी है। याद रखिए, मां सीता की यह अग्निपरीक्षा बार-बार नहीं होनी चाहिए। हमें इससे बाहर आना होगा.. अयोध्या के लोगों को एक बार फिर (इसके लिए) आगे आना होगा। यही कारण है कि हम आज इस भव्य समारोह के लिए यहां हैं।

मुख्यमंत्री ने सरकार के विकास एजेंडे में ''बाधा बनने'' के लिए विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि माफियाओं की तरह इन बाधाओं को भी समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या का परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सनातन धर्म की विरासत के विकास और उन्हें वैश्विक मंच पर ले जाने के दृष्टिकोण का हिस्सा था। उन्होंने कहा, ''इस साल 22 जनवरी को, 500 साल के इंतजार के बाद, भगवान राम लला एक बार फिर अपने जन्मस्थान पर विराजमान हुए, जिससे दुनिया को यह संदेश मिला कि किसी को भी अपने रास्ते से कभी नहीं भटकना चाहिए क्योंकि यह दृष्टिकोण निश्चित रूप से सफलता की ओर ले जाएगा।'' उन्होंने कहा कि यह उन सभी आत्माओं को याद करने का क्षण है जिन्होंने राम जन्मभूमि आंदोलन के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था।

# डिजिटल अरेस्ट' के बढ़ते मामलों पर प्रधानमंत्री मोदी ने जताई चिंता, `रूको, सोचो और एक्शन लो' का दिया मंत्र



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'डिजिटल अरेस्ट' के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए इससे बचने के लिए रविवार को देशवासियों से 'रूको, सोचो और एक्शन लो' का मंत्र साझा किया और इस बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 150वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने 'डिजिटल अरेस्ट' से जुड़े एक फरेबी और पीड़ित के बीच बातचीत का वीडियो भी साझा किया और कहा कि कोई भी एजेंसी न तो धमकी देती है, न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है और न ही पैसों की मांग करती है। इंटरनेट के तेजी से बढ़ते उपयोग के बीच 'डिजिटल अरेस्ट' फरेब का एक बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। इसमें किसी शख्स को ऑनलाइन माध्यम से डराया जाता है कि वह सरकारी एजेंसी के माध्यम से अरेस्ट हो गया है और उसे जुर्माना देना होगा। कई लोग ऐसे मामलों में डर जाते हैं और शिकार बन जाते हैं।

प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के दर्शकों को विस्तार से बताया कि इस प्रकार के फरेब करने वाले गिरोह कैसे काम करते हैं और कैसे 'खतरनाक खेल' खेलते हैं। उन्होंने कहा कि 'डिजिटल अरेस्ट' के शिकार होने वालों में हर वर्ग और हर उम्र के लोग हैं और वे डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपए गंवा देते हैं। उन्होंने कहा, ''इस तरह का कोई कॉल आए तो आपको डरना नहीं है। आपको पता होना चाहिए कि कोई भी जांच एजेंसी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह पूछताछ कभी नहीं करती।'' उन्होंने इससे बचने के लिए देशवासियों से 'रूको, सोचो और एक्शन लो' का मंत्र साझा किया।

उन्होंने कहा, ''ऐसे मामलों में घबराएं नहीं। शांत रहें। जल्दबाजी में कोई कदम ना उठाएं। किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी ना दें। संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें।'' उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ऐसी धमकी नहीं देती और न ही पूछताछ करती है और न वीडियो कॉल पर ऐसे पैसे की मांग करती है। उन्होंने कहा, ''अगर डर लगे तो समझिए कुछ गड़बड़ है।''

प्रधानमंत्री ने लोगों से ऐसे मामलों में राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर डायल करने और साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर रिपोर्ट करने के अलावा परिवार और पुलिस को सूचना देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''सबूत सुरक्षित रखें। यह तीन चरण आपकी डिजिटल सुरक्षा का रक्षक बनेंगे। मैं फिर कहूंगा डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई चीज नहीं है। यह सिर्फ फ्रॉड है, झूठ है और फरेब है। बदमाशों का गिरोह है और जो लोग ऐसा कर रहे हैं वह समाज के दुश्मन हैं।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर जो फरेब चल रहा है उससे निपटने के लिए तमाम जांच एजेंसी राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं और आपसी तालमेल के लिए नेशनल साइबर कोआर्डिनेशन केंद्र की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा, ''ऐसे फ्रॉड करने वाली हजारों वीडियो कॉलिंग आईडी को ब्लॉक किया गया है। लाखों सिम कार्ड और बैंक अकाउंट को भी ब्लॉक किया गया है।''

मोदी ने कहा कि ऐसे मामलों में एजेंसियां अपना काम कर रही हैं लेकिन डिजिटल अरेस्ट के नाम पर हो रहे फरेब से बचने के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों सहित हर जगह इसके बारे में लोगों से जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

# किसानों को फ्री बिजली देने की बात कहकर मीटर लगा रही सरकार: राकेश टिकैत



भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने रविवार को यहां एक महापंचायत में कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक वर्ष तक किसानों को फ्री बिजली देने की बात कही थी लेकिन अधिकारियों ने किसानों के खेतों पर मीटर लगाना शुरू कर दिया है।उन्होंने पूछा कि अगर मीटर लग जाएंगे तो फ्री बिजली कैसे आएगीटिकैत ने यहां मुंडेरा में आयोजित किसान महापंचायत के बाद संवाददाताओं से कहा, अगर मीटर लगाना है तो 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले इस मुद्दे को अपने घोषणा पत्र में शामिल करना होगा नहीं तो किसान के खेत में मीटर नहीं लगेगा।उन्होंने धान की कीमतों को लेकर आरोप लगाया कि पूर्वांचल में जौनपुर, मिर्जापुर और बलिया में 1200 रुपये प्रति क्विंटल के भाव में धान किसानों से लिया जा रहा है। टिकैत ने कहा कि यही हाल मक्का का है।भाकियू नेता ने कहा कि अकेले बिहार में एक लाख करोड़ रुपये का नुकसान फसलों को कम कीमत पर बेचने से किसानों को होता है और यह हाल सभी राज्यों का है। टिकैत ने आरोप लगाया, सरकार चाहती है कि लोग बंधुआ मजदूर बनकर रहें। यह एक बड़ी साजिश रची जा रही है। यह सरकार देश को श्रमिकों का देश बनाना चाहती है क्योंकि उद्योगों में श्रमिकों की भारी कमी है।उन्होंने कहा, अग्निवीर आने वाले दिनों में गार्ड का काम करेंगे क्योंकि अकेले अदाणी समूह को 25,000 गार्डों की जरूरत है। यह भर्ती (अग्निवीरों की) अडानी के लिए हो रही है। यह देश कृषि प्रधान देश से श्रमिक प्रधान देश बनेगा।

# जानवरों की बलि देना धर्म का जरूरी हिस्सा या नहीं पाबंदी लगाने की उठी मांग

जानवरों की बलि देना हमेशा से विवादों में रहा है. इसी से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा कि यह 'वास्तव में विवादास्पद' है कि पौराणिक पात्र शाकाहारी थे या मांसाहारी. कलकत्ता उच्च न्यायालय की बेंच ने सोमवार को दक्षिण दिनाजपुर के एक मंदिर में सामूहिक पशु बलि पर पाबंदी लगाने की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की. साथ ही बेंच ने इस याचिका को चीफ जस्टिस टीएस शिवगनम की बेंच को भेज दिया, जो इसी तरह की कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है. बेंच में जस्टिस बिस्वजीत बसु (जिन्होंने यह टिप्पणी की) के साथ जस्टिस अजय कुमार गुप्ता शामिल थे. जनहित याचिका अखिल भारत कृषि गो सेवा संघ नामक संगठन की तरफ से दाखिल की गई थी. संगठन ने राज्य के विभिन्न मंदिरों में 'सबसे भयानक और बर्बर तरीके से' पशु बलि को रोकने के लिए भारतीय पशु कल्याण बोर्ड को तत्काल निर्देश देने की मांग की. जब उनके वकील से पूछा गया कि क्या वे सभी मंदिरों में प्रतिबंध चाहते हैं? तो यह प्रस्तुत किया गया कि अभी के लिए वे दक्षिण दिनाजपुर के एक विशेष मंदिर में प्रतिबंध चाहते हैं.

**बकरियों-भैंसों की दी जाती है बलि-**

वकील ने अदालत को दक्षिण दिनाजपुर मंदिर के बारे में आगे बताते हुए कहा कि यहां रास पूर्णिमा उत्सव के बाद हर शुक्रवार को 10,000 से ज्यादा पशुओं. मुख्य रूप से बकरियों और भैंसों की बलि दी जाती है. जस्टिस बसु ने कहा, 'आपको धारा 28 (पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960) की वैधता को चुनौती देने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि बलि की प्रथा काली पूजा या किसी अन्य पूजा की अनिवार्य धार्मिक प्रथा नहीं है, जहां तक भारत के पूर्वी भाग के नागरिक इसका पालन करते हैं, खान-पान की आदतें अलग-अलग होती हैं.'

**कब शुरू हुई थी यह प्रथा?**

वकील ने आगे कहा, 'यह ब्रिटिश काल में शुरू हुआ था, अंग्रेजों ने एक ज़मींदार को गिरफ्तार किया था. उसने देवी काली की पूजा की और शुक्रवार को रिहा कर दिया गया. उसके बाद से यह प्रथा शुरू हो गई.' वकील ने आगे कहा कि 'बलि प्रतीकात्मक रूप से दी जा सकती है' वकील ने जोर देकर कहा कि यह प्रथा आवश्यक धार्मिक प्रथा के अंतर्गत नहीं आती है. जस्टिस बसु ने पूछा, 'क्या आप यह सुझाव दे रहे हैं कि यह धार्मिक प्रथा का हिस्सा नहीं है?' वकील ने भी जवाब में पूछा कि क्या यह 'आवश्यक' धार्मिक प्रथा का हिस्सा है?

**'इसमें कोई सार्वजनिक हित नहीं'**

राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने सवाल किया कि क्या किसी विशेष मंदिर में पशु बलि को रोकने की मांग करने वाले आवेदन को जनहित याचिका के रूप में माना जा सकता है, क्योंकि इसमें कोई 'सार्वजनिक हित' शामिल नहीं है. दत्ता ने बताया कि इसी तरह के सवाल सुप्रीम कोर्ट के सामने भी आए थे, जिसमें शीर्ष अदालत ने कहा था कि अगर आपको जानवरों की बलि पर पाबंदी लगाने की आवश्यकता है तो इस संबंध में कानून लाना होगा.

# मोमोज का आंतक! एक महिला की ले ली जान, 50 से ज्यादा लोग अस्पताल के बिस्तर पर पड़े



हैदराबाद के बंजारा हिल्स में सड़क किनारे एक स्टॉल से मोमोज खाने के बाद 50 लोग बीमार पड़ गए। इसके अलावा कथित तौर पर मोमोज खाने के बाद 31 वर्षीय एक महिला की पर मौत हो गई। पुलिस रिपोर्ट से पता चलता है कि सभी दस पीड़ितों ने एक ही विक्रेता द्वारा तैयार किए गए मोमोज खाए। पुलिस के अनुसार, महिला और अन्य लोगों ने 'दिल्ली मोमोज' नामक फूड स्टॉल से मोमोज खाए थे। चिंतल बस्ती में स्थित यह स्टॉल करीब तीन महीने पहले बिहार से आए छह लोगों ने लगाया था। पुलिस ने बताया कि स्टॉल चलाने वालों को हिरासत में ले लिया गया है।

**मोमोज ने ले ली रेशमा की जान**

पिछले सप्ताह हैदराबाद के बंजारा हिल्स में सड़क किनारे एक स्टॉल पर मोमोज खाने से एक महिला की मौत हो गई। उसकी दो नाबालिग बेटियों के साथ बस्ती के कम से कम 50 अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला की सोमवार को मौत हो गई, जबकि अन्य का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, रेशमा बेगम (31) और उसकी 12 और 14 साल की बेटियों ने 25 अक्टूबर को एक रेहड़ी वाले से मोमोज खाए थे। इसके तुरंत बाद, तीनों में गंभीर फूड पॉइजनिंग के लक्षण दिखने लगे – उल्टी, दस्त और पेट में दर्द। वे तुरंत अस्पताल नहीं गए, यह सोचकर कि थोड़ा आराम करने से उन्हें बेहतर महसूस होगा। एक स्थानीय व्यक्ति ने पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया कि नाश्ता खाने के एक घंटे बाद महिला में फूड पॉइजनिंग के लक्षण दिखने लगे। उन्होंने कहा कि महिला की मौत सोमवार सुबह करीब 8.30 बजे हुई। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) ने विक्रेता के संचालन की जांच शुरू कर दी है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने पुलिस के सहयोग से स्टॉल का पता लगाया और पाया कि यह बिना वैध लाइसेंस के चल रहा था।

**गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज**

एक पुलिस अधिकारी ने कहा 27 अक्टूबर को उनकी हालत बिगड़ने लगी तो उन्हें अस्पताल ले जाया गया। रेशमा की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि उनकी दो बेटियों का अभी भी इलाज चल रहा है। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया और इस धंधे को चलाने वाले बिहार के दो लोगों को हिरासत में लिया। जांच के दौरान, पुलिस ने पाया कि आस-पास के इलाकों के कम से कम 20 अन्य निवासियों को इसी तरह की शिकायतों के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया था – सभी ने उसी स्टॉल से मोमोज खाए थे।

**भोजन अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में तैयार किया जा रहा था**

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने निरीक्षण किया और पाया कि प्रतिष्ठान अनिवार्य स्न्रस्स्ढ्ढ लाइसेंस के बिना चल रहा था और भोजन अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में तैयार किया जा रहा था। हमने उस स्थान पर पाए गए खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए हैं और उन्हें विश्लेषण के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला में भेज दिया है। हमने संचालन को रोकने के आदेश भी जारी किए हैं। पीड़ितों के रक्त संस्कृति और मल परीक्षण रिपोर्ट एकत्र की गई हैं ताकि खाद्य विषाक्तता का सही कारण पता लगाया जा सके, एक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा। उन्होंने कहा, हमने बंजारा हिल्स पुलिस स्टेशन के एसएचओ को जांच करने और आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के लिए भी लिखा है।

# ओवैसी पर भड़के भाजपा नेता गिरिराज सिंह, कहा- हिंदुओं में अफ़वाह मत फैलाइए

असदुद्दीन ओवैसी पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह भड़क गए हैं। उन्होंने ओवैसी पर पर हिंदुओं में अफ़वाह मत फैलावे का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ओवैसी जैसे लोग अफ़वाह और भ्रम फैलाते हैं कि मुसलमान आने वाले 80-90 सालों में भी हिंदुओं की बराबरी नहीं कर पाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि मैं उनसे कहना चाहता हूँ कि हिंदुओं में अफ़वाह मत फैलाइए। 1951 में उनकी संख्या 2.5 से 2.8 करोड़ थी। आज सरकारी आंकड़ों के हिसाब से आप 17 करोड़ हैं, अघोषित आंकड़े कहते हैं कि आप 25 करोड़ हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि हिंदू 30 करोड़ से बढ़कर 90 करोड़ हो गए। हम तीन गुना बढ़ गए, जबकि आपकी जनसंख्या 7 गुना बढ़ गई। इससे पहले असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के खिलाफ किशनगंज में उनकी 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' के दौरान की गई विवादित टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। एआईएमआईएम ने वरिष्ठ भाजपा नेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए किशनगंज कोर्ट में उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

रैली के दौरान की गई अपनी टिप्पणी को लेकर केंद्रीय मंत्री को खासकर मुस्लिम समुदाय से भारी विरोध का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। केंद्रीय मंत्री ने 22 अक्टूबर को किशनगंज में 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' निकाली। लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने लोगों से अपने घरों में भाले, तलवार और त्रिशूल का भंडार रखने का आग्रह किया, जिसका इस्तेमाल देवताओं की पूजा और आत्मरक्षा के लिए किया जा सके।

# एडवोकेट बनने से अब पुलिस वेरीफिकेशन जरूरी, बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने 107 फर्जी वकीलों को हटाया

बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने ईमानदारी और व्यावसायिकता बनाए रखने के अपने चल रहे अभियान के एक हिस्से के रूप में दिल्ली में 2019 और अक्टूबर 2024 के बीच 107 फर्जी वकीलों के नाम हटा दिए हैं। बीसीआई ने कहा कि इस निर्णायक कार्रवाई का उद्देश्य फर्जी अधिवक्ताओं और उन लोगों को खत्म करना है जो अब कानूनी अभ्यास के मानकों को पूरा नहीं करते हैं। ऐसा करके, बीसीआई ने जनता के विश्वास और कानूनी प्रणाली को अनैतिक प्रथाओं से बचाने की कोशिश की है।बीसीआई सचिव श्रीमंतो सेन ने कहा कि कानूनी समुदाय की अखंडता और व्यावसायिकता को बनाए रखने के चल रहे प्रयास के तहत अकेले दिल्ली में 107 फर्जी वकीलों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। 2019 और 23 जून, 2023 के बीच कई हजारों फर्जी अधिवक्ताओं को उनकी साख और प्रथाओं की गहन जांच के बाद हटा दिया गया। ये निष्कासन बड़े पैमाने पर नकली और जाली प्रमाणपत्रों के मुद्दों और नामांकन के दौरान गलत बयानी के कारण हुए हैं।इसके अलावा, सक्रिय रूप से कानून का अभ्यास करने में विफलता, और बार काउंसिल की सत्यापन प्रक्रियाओं का अनुपालन न करने से भी अधिवक्ताओं के नाम सक्रिय अभ्यास से हटा दिए जाते हैं। शीर्ष अदालत फर्जी वकीलों को कानूनी पेशे से हटाने से संबंधित मामलों में आदेश पारित करती रही है।

# रेलवे बोर्ड में दिलाई गई राष्ट्रीय एकता की शपथ

**अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड के सदस्यों एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ**



प्रयागराज। देश के पहले उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर मनाये जाने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस के आलोक में नई दिल्ली स्थित रेल भवन में राष्ट्रीय एकता शपथ समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

सभी ने सत्यनिष्ठा से शपथ ली कि वह राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे और देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करेंगे । अपने देश की एकता की भावना से शपथ लेते हुए सबने संकल्प लिया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों से वह प्रेरणा लेंगे और देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम में रेलवे बोर्ड के सदस्य इन्फ्रास्ट्रक्चर, सदस्य परिचालन एवं व्यवसाय विकास, सदस्य कर्षण एवं चल स्टॉक, महानिदेशक मानव संसाधन एवं सचिव रेलवे बोर्ड सहित बड़ी संख्या में रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# काश! हम पराली को लाभकारी बना पाते

उत्तर भारत के कई इलाकों में ठंड की दस्तक, धान की कटाई और दिवाली के दौरान होने वाले प्रदूषण के लिए अकेला भारत जिम्मेदार नहीं है। पाकिस्तान में जलती पराली से आने वाला धुआं भी कई राज्यों की फिजा को ज़हरीली बनाने में कम कसूरवार नहीं है। नासा वर्ल्डव्यू एनिमेशन, सेटेलाइट तस्वीरों, चंडीगढ़ पीजीआई और पंजाब यूनिवर्सिटी के एक शोध से यह साफ हो गया है कि भारतीय पंजाब के मुकाबले पाकिस्तानी पंजाब में पराली ज्यादा जलाई जाती है। वहीं, कुछ आंकड़े भी इस बात को पुख्ता करते हैं कि हरियाणा में 24 प्रतिशत और पंजाब में 40 प्रतिशत कम पराली इस 1 सितंबर से अक्तूबर के तीसरे हफ्ते तक जली। यह भी सही है कि धान कटाई का यह पीक सीजन नहीं था। दिवाली के थोड़े पहले और अब दिवाली बाद अलग नजारा दिखने लगा है।इधर, सुप्रीम कोर्ट ने भी हाल ही में एक बार फिर, दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण पर केंद्र सरकार को ढिलाई पर कड़ी फटकार लगाई और पंजाब और हरियाणा सरकारों को भी चेताया। इस बाबत सख्त कानून न लागू करने पर चिंता भी जताई। सफाई, बचाव, तर्क-कुतर्क पर अभी और पहले भी सुप्रीम कोर्ट कई बार जमकर नाराजगी दिखा चुका है। नियंत्रण खातिर जिम्मेदार संस्थाएं कब कटघरे में नहीं थीं? सुप्रीम कोर्ट की पीड़ा इसी से समझ आती है कि पर्यावरण संरक्षण अधिनियम को दंतहीन तक कह दिया। कोर्ट में प्रस्तुत जवाब पर सवाल खड़े होने पर गंभीरता जताते हुए बात अवमानना की चेतावनी तक पहुंचना कम नहीं है।सच है कि पराली का जलना, प्रदूषण का बढ़ना आरोप-प्रत्यारोप और राजनीतिक विषय बन चुका है। तमाम बयानबाजियां यही दिखाती हैं। कैसी कोशिशें हैं कि हर साल न धुआं थमता है और न ही पराली का जलना। सरहद पार के धुएं की बात छोड़ दें और देश में जल रही पराली ही देखें तो समझ आता है कि कोशिशों के दौड़ते कागजों के अलावा धरातल पर कुछ नहीं दिखता।

# आईआईटी के कार्यक्रम में रक्षा मंत्री की उपस्थिति में हुए रक्षा उत्पाद के स्टार्टअप्स पर समझौते

**• अकादमी, इंडस्ट्री और नवाचार समन्वय के माध्यम से दूरगामी समाधान की संभावना: राजनाथ**



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 65वें स्थापना दिवस के विशिष्ट अवसर पर मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की गरिमामई उपस्थिति में रक्षा उत्पाद एवं सेवाओं के क्षेत्र में समर्पित उत्कृष्ट स्टार्टअप्स द्वारा स्टार्टअप इनोवेशन एवं इनक्यूबेशन सेंटर ( एसआईआईसी ) के तत्वावधान में डिफेंस एक्सपो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव रक्षा उत्पादन संजीव कुमार, आईआईटी के निदेशक पद्मश्री प्रोफेसर मनींद्र अग्रवाल, सिडबी के महाप्रबंधक एस पी सिंह, छत्रपति शाहू जी महाराज विवि के कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक भी मंच पर उपस्थित रहे।

गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में एक्सपो के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन कर मुख्य अतिथि ने विश्वास दिलाया कि प्रगति के मार्ग पर भारत सरकार द्वारा सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। सिडबी के प्रतिनिधि सिंह ने रक्षा क्षेत्र को समर्पित एक विशिष्ट कोष की स्थापना की घोषणा की। रक्षा मंत्री की उपस्थिति में विवि एवं आईआईटी के मध्य नवाचार इंक्यूबेशन एवं अवस्थापना तंत्र के उत्तरोत्तर विकास हेतु एक हस्ताक्षरित समझौते का आदान प्रदान भी हुआ। यह हस्तांतरण प्रो. मनींद्र अग्रवाल एवं प्रो. विनय पाठक के मध्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुलसचिव एवं निदेशक विवि डॉ अनिल कुमार यादव तथा छत्रपति शाहू जी महाराज इनोवेशन फाउन्डेशन का प्रतिनिधित्व कर रहे मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक मिश्र, नवाचार प्रबंधक अनिल त्रिपाठी एवं नवाचार अधिकारी शैलेंद्र कुमार यादव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में डीआरडीओ लखनऊ कंटोनमेंट, एक्सेसरीज कॉम्प्लेक्स हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, बीईएमएल तथा सिडबी ने भी आईआईटी के साथ समझौते हुए। भारत के गौरवशाली एवं महत्वाकांक्षी टेक्नोलॉजिकल उन्नयन लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अनेकों संभावित प्रकल्प भी प्रस्तुत किए गए। रक्षा मंत्री ने अकादमी, इंडस्ट्री तथा नवाचार की भूमिका और समन्वय के माध्यम से दूरगामी समाधान प्राप्त करने की संभावना व्यक्त की गयी। कार्यक्रम में अनेकों पूर्व छात्र एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

**रक्षा मंत्री ने फील्ड गन का निरीक्षण कर निगमीकरण पर बोले. कर्मचारियो के हितों का ध्यान रखा जाएगा**

कानपुर। शनिवार को फील्ड गन फैक्ट्री मैं देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का दौरा हुआ। उन्होंने निर्माणी के कई अनुभागों का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने हीट ट्रीटमेंट अनुभाग को देखा तत्पश्चात उन्होंने न्यू गन असेंबली, गन असेंबली, जीबी अनुभाग, जीरो बे (सीएस) अनुभागों को देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहाँ मौजूद सभी कर्मचारियों से भी मुलाक़ात की कर्मचारी नेता दुर्गा दत्त राठौड़ और संगठन मंत्री (एआईडीईएफ ) सौरभ सिंह चौहान, महामंत्री चन्द्र भान यादव से बातचीत की।

उन्होंने कहा कि निगमीकरण के बाद कर्मचारियो के हितों का ध्यान रखा जाएगा, उनका भविष्य सुरक्षित रहेगा। फील्ड गन निर्माणी के लिए उन्होंने बहुत प्रशंसा की। कर्मचारी देवेंद्र वर्मा, अनूप कठेरिया , अश्वनी, आनंद कुमार, नरेश बाबू, और भारी संख्या मैं निर्माणी कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंत्री खादी ग्रामोद्योग ने की भगवान गोवर्धन की विशेष पूजा



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। गौशाला सोसाइटी के तत्वाधान में शाखा भौती में बड़े धूमधाम से गोवर्धन पर्वत गोमय से बनाकर पूजा का आयोजन किया गया जिसमें पुरुषों के साथ महिलाएं भी नए

वस्त्र पहनकर आई थी वह मनोरम दृश्य देखते बन रहा था गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर जल, मौली, रोली, चावल ,फूल, दूध, दही को चढ़कर तथा घी का दीपक जलाकर पूजा की गई पूजा स्थल पर सभी को भक्तों ने गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा की मौजूद गौ भक्तों ने गायों को गुड़ खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया मौजूद लोगों को पंचामृत फल मिष्ठान का वितरण किया गया राकेश सचान मंत्री खादी ग्राम उद्योग उत्तर प्रदेश ने अपने संबोधन में गोवर्धन पूजा के महत्व की व्याख्या करते हुए कहा कि कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को गोवर्धन उत्सव मनाया जाता है इस दिन अन्नकूट ,बली पूजा ,मार्ग पाली ,आदि उत्सव संपन्न होते हैं अन्नकूट या गोवर्धन पूजा भगवान कृष्ण के अवतार के बाद द्वापर युग से प्रारंभ हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता उपसभापति सुरेश गुप्ता ने की तथा संचालन कृष्णा गुप्ता बब्बू तथा पुरुषोत्तम लाल तोषनीवाल ने आए हुए आगंतुकों को अंग वस्त्र एवं पुष्प भेंट कर सम्मान किया ने कार्यक्रम में सुबोध अग्रवाल बनवारी लाल जैन नीरज दीक्षित रमेश चंद्र मिश्रा श्याम कृष्ण कनोडिया किशन लखोटिया लाडली प्रसाद गुप्ता ओम प्रकाश आनंद योगाचार्य अजय मित्तल पूनम रानी साहित्यकार अशोक बाजपेई अजय मित्तल रामगोपाल मिश्रा संजीव दुबे विवेक सिंह दिनेश शुक्ला महेश पांडे अनुराग शुक्ला आदि प्रमुख थे।

# दंगल में फाइनल राउंड जीतने वाले पहलवान को मिलेगा नगद पुरस्कार : सरोज कुरील

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। 68 वां बेनी सिंह ज्वाला प्रसाद स्मारक बजरंग दंगल आगामी 12 नवंबर को कुंडली में आयोजित होने जा रहा है। यह जानकारी घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायिका सरोज कुरील ने दी।

उन्होंने बताया कि इस इनामी दंगल में फाइनल राउंड जीतने वाले पहलवान को 100000 का नगद इनाम दिया जाएगा। दंगल में उत्तर प्रदेश केसरी एवं आगरा निवासी श्यामवीर सिंह पहलवान और दिल्ली चैंपियन केसरी जग्गा पहलवान की कुश्ती देखने लायक होगी। श्रीमती कुरील ने बताया कि वर्षों से यहां पर दंगल का आयोजन किया जाता रहा है और आगे भी किया जाता रहेगा दंगल देखने आने वाले दर्शकों को किसी प्रकार की सुविधा न हो इसके लिए कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य अपनी-अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। इसके अलावा रास्ते में भी लोगों की मदद के लिए व्यक्ति मुस्तैद रहेंगे। हालांकि इस जंगल में कई पहलवान अपनी अपनी अखाड़े में जोर आजमाइश प्रस्तुत करेंगे जो देखने लायक होगी। कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल अवस्थी महामंत्री रमेश चंद्र शुक्ला और प्रबंधक डॉक्टर सत्य प्रकाश पुरी मनीष तिवारी ने बताया कि इस दंगल में उत्तर प्रदेश के साथ-साथ राजस्थान उत्तराखंड के साथ अन्य प्रदेशों के भी पहलवान शामिल होंगे। दंगल कमेटी के पदाधिकारी ने लोगों से अपील है कि इस दंगल में ज्यादा से ज्यादा भारी संख्या में आए और पहलवानों का मनोबल बढ़ाएं और कार्यक्रम को सफल बनाएं

# डिप्टी सीएम, वित मंत्री ने बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में भरी हुंकार

**◆ जनता गुंडागर्दी व बदमाशों को संरक्षण देने वाली सपा और कांग्रेस को उखाड़ फेकेगी : डिप्टी सीएम**

**◆ इरफान ने गरीब विधवा मुस्लिम महिला की जमीन कब्जा कर अत्याचार किया : ब्रजेश**



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। भारतीय जनता पार्टी सीसामऊ विधान सभा के सभी बूथ अध्यक्षों और बूथ प्रवासियों का सम्मेलन शनिवार को अंध विद्यालय जवाहरनगर में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, विशिष्ट अतिथि वित मंत्री सुरेश खन्ना और आबकारी मंत्री नितीन अग्रवाल थे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बृजेश पाठक ने कहा कि कानपुर की धरती में क्रांतिकारियों का खून है ये गुंडागर्दी व बदमाशी को संरक्षण देने वाली सपा और कांग्रेस को उखाड़ फेकेगी। बृजेश पाठक ने कहा भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी विधायक बनकर जनता की सेवा करेगा न कि इरफान सोलंकी की तरह गरीब विधवा मुस्लिम महिला की जमीन कब्जा या अत्याचार करेगा। उन्होंने नारा दिया, शहर में चर्चा चारों ओर, सुरेश अवस्थी जीत की और।वित मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा भारतीय जनता पार्टी में सपा कांग्रेस की तरह परिवार बाद नही हमारा बूथ भी एक दिन पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। हमारे बूथ अध्यक्ष बूथ प्रवासी अपने बूथ के एक-एक घर में जाकर सुरेश अवस्थी के लिए आशीर्वाद मांगे। उन्होंने कहा सपा प्रत्याशी द्वारा भोले बाबा की पूजा अर्चना करने से उनके पति के पापों का प्रायश्चित नहीं होगा। उस गरीब बेवा मुस्लिम महिला के पैरों पर गिर कर माफी मांगे। आबकारी मंत्री नितीन अग्रवाल ने कहा बूथ अध्यक्ष चुनाव की नींव है। बूथ अध्यक्ष को घर-घर जाकर सपा प्रत्याशी के काले कारनामों को बताना है सीसामऊ में कमल खिलाना है। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि सीसामऊ का उपचुनाव हमारी सरकार के लिए महत्वपूर्ण है, अबकी आप सभी की ताकत से हमारे छात्र जीवन के साथी सुरेश अवस्थी विधायक बनकर सदन में जायेगे। बैठक में बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी मानवेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, सांसद रमेश अवस्थी, चुनाव संयोजक विधायक राहुल बच्चा सोनकर, विधायक नीलिमा कटियार,अरुण पाठक, महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, कमलावती सिंह सहित मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु सक्सेना, करण सिंह यादव, गौरव पांडे मंडल प्रभारी आनंद मिश्रा, दीपक सिंह, नवाब सिंह, जिला महामंत्री संतोष शुक्ला, अनूप अवस्थी, मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पूर्व विधायक को जेल पहुंचाने वाले के बेटे पर हमला, इरफान के खिलाफ दी थी गवाही, रिपोर्ट दर्ज

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पूर्व विधायक इरफान सोलंकी व अन्य के खिलाफ आगजनी कांड में कोर्ट में गवाही देने वाले भाजपा नेता के बेटे पर जानलेवा हमला हो गया। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव में वह मुस्लिम क्षेत्रों में भाजपा का बढ़ चढ़कर प्रचार प्रसार कर रहा है। जिसके कारण कुछ लोग उससे रंजिश मानने लगे हैं और उसी का बदला उन लोगों ने बेटे के साथ मारपीट करके लिया है। भाजपा नेता ने चमनगंज थाने में तहरीर देकर शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

कंघी मोहाल निवासी सारिक अली बरकाती के मुताबिक वह लम्बे समय से भाजपा से जुड़े हैं और पार्टी के लिए काफी वर्षों से काम कर रहे हैं। उनके मुताबिक भाजपा के लिए काम करने के कारण क्षेत्र के कुछ लोग उनसे रंजिश मानने लगे हैं और उनपर तंज भी कसते हैं। सारिक अली बरकाती के मुताबिक गुरुवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे उनका बेटा मोहम्मद साकिर (20) जो कि 11वीं का छात्र है। वह रिक्शे पर लकड़ी का सामान लाद रहा था। उसी दौरान उसका रिक्शे वाले से विवाद हो गया। रिक्शे वाला साकिर के साथ गाली गलौज करने लगा। जिसका उसने विरोध किया।

**- छात्र को मारा, मुंह से खून निकला, पसली में लगी चोट**

सारिक अली बरकाती के मुताबिक सेन्टर हॉल चमनगंज के सामने कुछ लोग सुबह शाम बैठते हैं। आए दिन वहां के लोगों से मारपीट लड़ाई झगड़ा करते हैं। वह लोग भी इस झगड़े में शामिल हो गए और साकिर को बेरहमी से पीटा। लात-घूंसे से मारकर बेदम कर दिया। साकिर के मुंह से खून आने लगा। उसकी पसली में चोट लगी। पैर में चोट आने के कारण वह लंगड़ाने लगा और दांत भी हिल रहा है। साकिर को जब घटना की जानकारी हुई तो वह बेटे को बचाने के लिए सेंटर हॉल के पास पहुंचे। तो आरोपियों ने उनसे भी गाली गलौज की।

- जानबूझकर की गई घटना

सारिक के मुताबिक वह भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता हैं और सीसामऊ में जमकर उसका प्रचार प्रसार कर रहे हैं। जिसके कारण कुछ लोग उनसे रंजिश मानने लगे हैं और जानबूझकर इस घटना को अंजाम दिया गया है।

**- धमकी देने वालों ने कहा.हमें इरफान मत समझ लेना**

सारिक के मुताबिक जिन लोगों ने बेटे को मारा उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि हमें इरफान सोलंकी न समझ लेना। हम एक बार में काम तमाम कर देते हैं।

इंस्पेक्टर चमनगंज दिनेश सिंह बिष्ट के मुताबिक पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ जानबूझकर चोट पहुंचाना, हमला कर जानबूझकर किसी को उकसाना और धमकी देने की धारा में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों का पता लगाया जा रहा है।

# मिशन शक्ति फेज 5 के अन्तर्गत स्पष्टिक सेंटर के बच्चों, बालिकाओं को किया गया जागरुक

## -दिवाली का उत्सव मनाकर उनके चेहरे पर खुशियां लाई गई



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। दिवाली का उत्सव स्पष्टिक सेंटर के बच्चों के साथ फूल बाग में आयोजित हुआ, जिसमे कानपुर दक्षिण की पुलिस उपायुक्त/मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी अंकिता शर्मा के निर्देशानुसार अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अर्चना सिंह व सहायक पुलिस आयुक्त श्रष्टि सिंह एवं महिला थाना प्रभारी ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज करवायी,साथ ही साथ कार्यक्रम में सहयोगी संस्था के तौर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक कानपुर मेट्रो परिक्षेत्र और उनके कार्यालय के गणमान्य लोग उपस्थित होकर इस सेंटर के बच्चों द्वारा तैयार किए गए दीपोत्सव की सामग्री के प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम की बेला में उपस्थित हुए।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारिगणों द्वारा बच्चों को उपहार व मिठाई वितरण की गई। कार्यक्रम के दौरान अधिकारिगणों द्वारा बच्चों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला / बालिकाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन 181 वीमेन हैल्पलाइन 112 पुलिस 1 आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्नि समन सेवा व 1930 साइवर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# नवाचार परियोजना के तहत चयनित किसानों के मध्य सरसों बीजों का वितरण

कानपुर। सीएसए के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के द्वारा अंगीकृत गांव औरंगाबाद में राष्ट्रीय जलवायु अनुकूल कृषि पर नवाचार के तहत प्रशिक्षण एवं सरसों के बीजों का वितरण कार्यक्रम किया गया।परियोजना के वैज्ञानिक डॉक्टर खलील खान ने व अन्य वैज्ञानिकों ने परियोजना का जायजा दिया।इस अवसर पर राष्ट्रीय जलवायु अनुकूल कृषि पर नवाचार परियोजना के तहत चयनित किसानों के बीच सरसों की आजाद महक एवं आर एच 725 प्रजाति का वितरण किया गया। डॉ खान ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य मौसम के अनुकूल खेती करना है। जिससे किसान अधिक से अधिक लाभान्वित हो। उन्होंने कहा कि फसलों की समय पर बुवाई अवश्य करें।

# सपा नेता पिंटू ठाकुर की अगवाई में हुई परिचर्चा

कानपुर। सीसामऊ विधानसभा के उपचुनाव को लेकर सर्द गर्मी बढ़ चुकी है पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी उपचुनाव प्रत्याशी हैं जगह-जगह जनसंपर्क शुरू हो गए हैं कमरा बैठक के साथ-साथ कार्यकर्ता जगह-जगह चौपाल भी लगा रहे हैं सीसामऊ विधान सभा समाजवादी कार्यालय में चुनाव का आगाज कर दिया है।

भव्य कार्यालय का उद्घाटन हुआ ग्वालटोली क्षेत्र में उद्घाटन गोविंद नगर विधानसभा से चुनाव लड़े सम्राट विकास यादव ने किया। ग्वालटोली क्षेत्र के पूर्व पार्षद दुर्गेश यादव की अगुवाई में कार्यालय खोला गया है नेताओं ने एक स्वर में पुकार भरी की ग्वालटोली क्षेत्र सबसे ज्यादा वोटो से चुनाव जीताकर नसीम सोलंकी को विधानसभा में भेजेगा।

# राजकीय बाल संरक्षण गृह कल्याणपुर में दीपावली समारोह आयोजित

कानपुर। पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह द्वारा राजकीय बाल संरक्षण गृह कल्याणपुर में दीपावली समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को मिष्ठान, पटाखे, और फुलझड़ी वितरित किए और उनके साथ त्यौहार मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को खुशी और सुरक्षा की भावना प्रदान करना था। पुलिस उपायुक्त ने बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और उन्हें सुरक्षित और खुशहाल जीवन की कामना की।

इस अवसर पर पुलिस की उपस्थिति से बच्चों के चेहरे खिल उठे और उन्हें पुलिस के साथ त्यौहार मनाने का आनंद मिला। यह कार्यक्रम बच्चों के लिए एक यादगार दीपावली बनाने में सफल रहा।

**यातायात माह नवम्बर 2024 का भव्य उद्घाटन**

# सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संकल्प



कानपुर। पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर यातायात माह नवम्बर 2024 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अखिल कुमार , पुलिस आयुक्त कमि0 कानपुर नगर की गरिमामयी उपस्थिति में यातायात पुलिस लाइन में हरी झंडी दिखाकर किया गया । इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्थाश्री हरीश चन्दर, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय/अपराध विपिन मिश्रा, पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार, पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन श्रवण कुमार सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अर्चना सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात (मध्य व पश्चिमी जोन) शिखर, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात (पूर्वी व दक्षिण जोन) सृष्टि सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण एवं शहर के सम्मानित सदस्य, विभिन्न यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे । मुख्य अतिथि द्वारा यातायात पुलिस कर्मियों , शहर के सम्मानित नागरिक एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों को संबोधित किया

# सहायक पुलिस आयुक्त ने किया भीड़ भाड़ इलाकों में फ्लेग मार्च



कानपुर। सहायक पुलिस आयुक्त स्वरूपनगर इन्द्र प्रकाश सिंह द्वारा त्यौहार व आगामी उपचुनाव के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक फजलगंज व अर्धसैनिक बलों मय पुलिस फोर्स के थाना क्षेत्र फजलगंज के मतदेय स्थल एवं भीड भाड़ वाले इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया।

# गंगा टास्क फोर्स द्वारा पौधा भेंट कर मनाया दिवाली पर्व



कानपुर। भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ बटालियन टी ए 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने अपने आवास प्रांगण में दिवाली पर्व पौधा भेंट कर खुशियां बांटी। इस दौरान सूबे दार समरजीत सिंह ने बताया कि विगत 6 सालों से गंगा स्वच्छता अभियान,पौधा रोपण, घाटों की गश्त, जागरूकता अभियान निरंतर कर रही है। आगे बताया कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए अपने आसपास के वातावरण को साफ और स्वच्छ रखें। सकारात्मक सोच रखना ही आपकी मानसिक स्वच्छता के लिए फायदेमंद है। स्वच्छ वातावरण के लिए पटाखों से दूरी बनाएं और हंसीं खुशी त्योहार मनाएं। इस मौके पर सूबेदार समर जीत सिंह, टेक बहादुर, कस्तूरी लाल, राजेश कश्यप,अंकुर गुप्ता आदि रहे।

# नेत्र विभाग मेडिकल कॉलेज में आफ्थेलमिक कॉन्क्लेव राष्ट्रीय अधिवेशन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। नेत्र विभाग गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज द्वारा कानपुर आफ्थेलमिक कॉन्क्लेव राष्ट्रीय अधिवेशन कराया गया। यह अधिवेशन कानपुर ऑफ्थेलमिक सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सोसाइटी ड्ढह्लस्ढ्ढ के अंतर्गत त्रस्ड्ढक्रूमेडिकल कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की ऑर्गनाइजर चेयर परसन तथा विभागाध्यक्ष डॉक्टर शालिनी मोहन ने सभी ही बाहर से आये नेत्र सर्जन का स्वागत करते हुए कहा कि नेत्र शल्यचिकित्सा बहुत ही बारीक विधि से की जाती है जिससे उसकी बारीकियों को समझना और उससे अपने मरीज़ों को लाभान्वित करने हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा पैट्रन डॉक्टर प्रोफ़ेसर संजय काला प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज ने अत्यधिक हर्ष के साथ अधिवेशन का शुभारंभ किया और कहा कि इस प्रकार के अधिवेशन से केवल जूनियर डॉक्टर्स और छात्र छात्राओं का ही नहीं वरन सभी नेत्र चिकित्सकों का ज्ञान वरदान होता है और उन्होने इस कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की और नेत्र विभाग की पूरी टीम को बहुत बहुत बधाईयां दी । कलकत्ता से डॉक्टर स्वपन सामंता, ग्वालियर से डॉक्टर पुरेंद्र भसीन, मेरठ से डॉक्टर करण, लखनऊ से डॉक्टर देवकांत मिश्रा और डॉक्टर पुष्पराज तथा प्रयागराज से डॉक्टर अरी बान दत्ता ने अपने व्याख्यान के द्वारा लोगों को लाभान्वित किया । इस अवसर पर ऑफ़्थेलमिक फोटोग्राफ़ी कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया जिसमें की प्रथम पुरस्कार के रूप में डॉक्टर मोहित खत्री, द्वितीय पुरस्कार डॉक्टर दीपाली बेलानी, और तृतीय पुरस्कार डॉक्टर्स सौरभ मिस्त्री को ज्ञानवर्धक पुस्तकें प्रदान कर के प्रिंसिपल प्रधानाचार्य एवं डीन डॉक्टर संजय काला ने दिया । कार्यक्रम की औरगेनाइज़िंग सेक्रेटरी डॉक्टर सुरभी अग्रवाल एवं डॉक्टर नम्रता पटेल ने बताया कि इस प्रकार के राष्ट्रीय अधिवेशन छात्रों इन छात्रों के पठन पाठन के लिए नितान्त आवश्यक हैं और इनसे अत्यधिक ज्ञानवर्धन होता है । कानपुर ऑफ़्थे समित सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर मनीष महिंद्रा ने कहा कि हम लोग प्रति माह एक कार्यक्रम इस प्रकार का करते हैं और ये अपने में ही बहुत बड़ा कार्यक्रम है और आगे भी हम लोग इसी प्रकार के अकैडमिक कार्यक्रम करके लोगों को लाभान्वित करते रहेंगे डॉक्टर मौत खत्री ने दिया और बताया कि शाम को दिवाली का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी यहाँ आयोजित किया गया हूँ । इस अवसर पर अन्य महत्वपूर्ण नेत्र चिकित्सा जैसे की डॉक्टर अवध दुबे , डॉक्टर आर के सिंह डॉक्टर जीके मिश्रा , डॉक्टर लोकेश अरोड़ा, डॉक्टर मनीष त्रिवेदी इत्यादि उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मनीष सक्सेना ने किया । अन्य छात्र एवं छात्राएँ तथा उपस्थित रहे।

# विधायक सुरेंद्र मैथानी ने छठ पूजा घाटों का निर्माण कार्य कराया प्रारम्भ

बीपीएस न्यूज



कानपुर। गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने विधानसभा अंतर्गत छठी मैया के पूजन हेतु 27 लाख रुपये की लागत से भी अधिक 3 घाटों के निर्माण हेतु नए छठ पूजा घाटों का शिलान्यास पूजन निर्माण कार्य प्रारंभ कराया।

विधायक ने विशेष रूप से छठी मैया के पूजन हेतु सरदार पटेल चौराहा स्थित छठ पूजा घाट, नौरय्या खेड़ा छठ पूजा घाट शांति नगर छठ पूजा घाट पर निर्माण कार्य तेजी से प्रारम्भ कराया। विधायक ने बताया कि युद्ध स्तर पर छठी मैया के भक्तों के लिए नए छठ घाटों के निर्माण को कराने का काम कर रहा हूं और लगातार यह काम करता रहूंगा क्योंकि यह मेरी भी व्यक्तिगत आस्था का विषय है। पूजन के लिए आगामी छठ मैया के पूजन से पूर्व सभी छठ पूजा घाटों को व्यवस्थित ढंग से तैयार कर लिया जाएगा।

विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने बताया कि घाटों को समय से पूर्व ही तैयार कराकर, माताओं- बहनों, और समस्त भक्तों को समर्पित कर दिया जाएगा। जिससे माताएं बहनों को पूजा में कोई व्यवधान उत्पन्न ना हो। उक्त पूजन कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र मैथानी, पार्षद नीरज कुरील, पार्षद गुंजन शर्मा, उदयराज, अखिलेश पांडेय, लल्लन सिंह, लवी, इंद्रेश कुमार, जगजीवन लाल, महेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# सुबह नौ से रात नौ बजे तक ही चलेंगे ई-रिक्शा

**• यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस का फैसला**



कानपुर। कानपुर शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए अब ई-रिक्शा का संचालन सुबह नौ से रात नौ बजे के बीच किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस ने कमिश्नरेट पुलिस के साथ मिलकर इस प्लान को लागू करने के लिए खाका तैयार कर लिया है। प्लान लागू करने से पहले ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन शुरू करने को लेकर सोमवार को बैठक होगी। इस बैठक में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू करने की तारीख तय की जाएगी।दरअसल, शनिवार को यातायात पुलिस रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के शहर में होने के चलते इसपर फैसला नहीं ले सकी। अब सोमवार को बैठक कर तारीख का एलान किया जाएगा। प्लान के तहत शहर में यातायात व्यवस्था के लिए समस्या बने ई-रिक्शा के लिए 30 रूट प्रस्तावित किए हैं। यह रूट वाहन स्वामी के पते अथवा चालक के पते के अनुसार आवंटित किए जाएंगे। ई-रिक्शा का दायरा भी तय होगा। इसके आगे वह नहीं जा सकेंगे। रूट वार मार्ग निर्धारित करने के साथ ही उनका पूरा डाटा रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने एक निजी एजेंसी से एप बनवाया है।

# संस्थान की अध्यक्ष द्वारा की गई गरीब, असहाय व जरूरतमंदों की मदद



बीपीएस न्यूज

कानपुर। दीपावली पर्व से पूर्व गरीब परिवारो के बीच उपस्थित होकर उनके भाव को समझना व समय समय पर लोगों की मदद करना हमारी टीम का उद्देश्य है। बच्चों को खुशी देकर मन खुश हो जाता है। यह बात ओम जन सेवा संस्थान की कानपुर टीम की अध्यक्ष शिव देवी अग्रहरि (सीमा) ने आज गंगापुर कॉलोनी पातालेश्वर महादेव मंदिर यशोदा नगर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही, उन्होंने यह भी कहा कि वह 6 वर्ष से लगातार होली, दीपावली, दशहरा व रक्षाबंधन का त्यौहार गरीब बस्तियों में जाकर मनाती आ रही है जिससे मन खुश हो जाता है व मन को शांति मिलती है। आज बस्ती में कपड़े, मिठाई, बिस्कुट, कुरकुरे वितरण किया। ?इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिव देवी अग्रहरि (सीमा), शिखा अवस्थी , शैलेन्द्र गुप्ता, सौरभ तिवारी, शालू आदि लोग मौजूद रहे।

# किरण लोक अस्पताल में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। किरणलोक अस्पताल, कर्रही ठाकुर चौराहा के पास नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जिसमें लगभग 150 मरीजों ने लाभ उठाया। यह चिकित्सा शिविर विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जो अपने-अपने क्षेत्र में अनुभवी हैं। शिविर में प्रमुख रूप से डॉ. लोकराम सचान, डॉ. वैशाली सचान, डॉ. अर्पिता, डॉ. एस. पी. सिंह, डॉ. प्रज्ञा श्री, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. वैशाली सचान आदि उपस्थित रहे।

शिविर में कई महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं जैसे कैंसर और रेडियोडायग्नोसिस, स्त्री रोग (गायनेकोलॉजी), सामान्य चिकित्सा, हड्डी रोग (ऑर्थोपेडिक्स), बाल रोग, सामान्य सर्जरी, दंत चिकित्सा, आयुर्वेद एवं पंचकर्मा आदि। शिविर में मरीजों को नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया गया और नि:शुल्क परीक्षण भी किए गए। मरीजों ने शिविर से अत्यधिक संतुष्टि और राहत पाई।

किरणलोक अस्पताल के डॉ लोकराम सचान ने बताया कि इस प्रयास का उद्देश्य समाज के हर वर्ग के लोगों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराना है। शिविर में आए मरीजों ने विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह एवं नि:शुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाकर स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाया। आशा है कि भविष्य में हम इसी प्रकार के शिविरों का आयोजन कर समाज के लोगों को स्वास्थ्य लाभ देते रहेंगे।

# पूजन सामग्री की दुकानों में भीषण आग दमकल की दो गाड़ियों ने पाया काबू

कानपुर। किदवई नगर चालीस दुकान में रविवार तड़के सुबह सड़क पर टट्टर डालकर कर लगाई गई दो दुकानों में आग लग गई। आग की लपटे देख आसपास के रिहायशी लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पा लिया।

किदवई नगर पुलिस के मुताबिक कटिया डालकर बिजली जलाई जा रही थी। फायर विभाग के मुताबिक प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट से आग लगने की जानकारी मिली है।

आधे घंटे में फायर बिग्रेड ने पाया काबू चालीस दुकान पर पूजन सामग्री बेचने की कई दुकानें लाइन से बनी है जो कि टट्टर की बनी है। इन्हीं में एक दुकान अशोक और दूसरी अनुराग की है। दोनों दुकानों में रविवार सुबह लगभग चार बजे आग लग गई। दोनों दुकानों को मिलाकर लाखों का सामान जलकर राख हो गया। दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और उन्होंने आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। इंस्पेक्टर किदवई नगर बहादुर सिंह ने बताया कि मौके पर जांच करने के बाद पता चला कि वहां पर ज्यादातर दुकानदार कटिया डालकर बिजली चलाते हैं। जो दुकाने जली है इसमें भी तारों के गुच्छे मौजूद थे। इंस्पेक्टर ने कहा कि मामले में कोई तहरीर दी जाएगी तो उसी के आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कार में लड़की के साथ कर रहे थे अश्लीलता, टोकने पर युवक को पीट-पीटकर फाड़ दीं पेट की आंतें





बीपीएस न्यूज

कानपुर। किदवई नगर थानाक्षेत्र में कार में लड़की के साथ की जा रही अश्लीलता का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। नशे में धुत युवकों ने युवक को धमकाया और इसके बाद साथियों के साथ मिलकर बेरहमी से मारापीटा। जिससे वह मरणासन्न हो गया। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। जूही लाल कालोनी निवासी प्रवीण सैनी ने किदवई नगर थाने में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि एक एजेंसी में काम करने वाले उसके बड़े भाई दीपक सैनी 1 नवंबर को रात 10 बजे अपने मित्र के इंतजार में साकेत नगर दीप टाकीज के पास खड़े थे। तभी उन्होंने देखा कि एक इनोवा कार में सवार दो लड़के व एक लड़की के साथ अश्लील हरकत कर उसे परेशान कर रहे थे। इस बात पर जब भाई दीपक ने विरोध किया। इस पर दोनों युवकों ने हाथ में शराब का गिलास दिखाकर भाई से गालीगलौज करना शुरू कर दिया। इस पर बड़े भाई दीपक ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इस पर दोनों ने धमकी देते और गालीगलीज करते हुए कहा कि इसी जगह पर मिलना लड़की को छोड़ कर आ रहा हूं। इसके बाद 10 मिनट बाद वह दोनों युवक कार में लड़कों को भरकर लाए जो भाई के ऊपर टूट पड़े। उन लोगों ने भाई को बड़ी बेरहमी से मारापीटा जिससे उनकी आंतें फंट गईं। बेहोश होने के बाद तक वह लोग भाई को मारते रहे। प्रवीण ने बताया कि जैसे ही उन लोगों को घटना की जानकारी हुई तो वह लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें मरणासन्न हालत में निजी अस्पताल ले गए जहां से हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में किदवई नगर थाना प्रभारी का कहना है, कि तहरीर मिली है, वीडियो के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

**सोने की चेन और रुपये निकाले**

पीड़ित के भाई प्रवीण का आरोप है, कि आरोपियों ने बेहोशी हालत में भाई के गले मे पड़ी सोने की चेन और पास रखे 30 हजार रुपये निकाल लिए और फरार हो गए। भाई के अनुसार उनके पास साक्ष्य के तौर पर आरोपियों के मारपीट करते और धमकी देने के वीडियो हैं।

# घाटमपुर में अनियंत्रित डंपर बाइक सवार को टक्कर मारकर कार में घुसा, दो की मौत, मां समेत तीन गंभीर घायल, कानपुर रेफर




बीपीएस न्यूज

कानपुर। सजेती के गुजेला गांव के पास डंपर का टायर फटने से अनियंत्रित डंपर बाइक सवार को टक्कर मारते हुए सामने से आ रही कार में जा घुसा। हादसे में कार चालक व बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। कार सवार पत्नी व दो मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर घायलों को कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने परिजनो को सूचना देने के साथ मृतक के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

टायर फटने से अनियंत्रित डंपर बाइक को टक्कर मार कार में घुसा, दो की मौत तीन गंभीर रेफर

कानपुर नगर के सनिगवां अन्ना चौराहा निवासी 40 वर्षीय अनुज वर्मा पुत्र शिव कुमार कानपुर केआरयू एजुकेशन सेंटर में बस ड्राइवर थे। रविवार को वह अपनी कार से 35 वर्षीय पत्नी मंजू, बेटे राज उमराव और रुद्र उमराव के साथ अपनी ससुराल सजेती थाना क्षेत्र के किरार गांव आए हुए थे।

सोमवार देर शाम वापस लौटते समय थाना क्षेत्र के गुजेला गांव के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे डंपर का टायर फट गया। जिससे अनियंत्रित डंपर बाइक सवार को टक्कर मारते हुए कार में जा घुसा। हादसे में बाइक सवार कानपुर के सकेत नगर निवासी प्रभाकर चतुर्वेदी और कार चालक अनुज की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे में कार सवार मृतक अनुज की पत्नी मंजू समेत दोनो बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने घायल मां और दोनों बेटों को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर मां और एक बेटे को कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना देने के साथ दोनो के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। सजेती थाना प्रभारी ब्रजमोहन ने बताया की घटना की सूचना मिली थी। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। परिजनों को सूचना देने के साथ बाइक सवार व चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गैस सिलेंडर लीक होने से लगी आग, 11 लोग झुलसे, चार की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती

कन्नौज। लीक हो रहे गैस सिलेंडर में आग लगने से 11 लोग झुलस गये। आनन फानन में सभी को जिला अस्पताल भेजा गया। सात लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी देदी गई जबकि चार लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के पनियारेपुर्वा गांव निवसी पातीराम पाल के पुत्र सौरभ पाल को हाल ही में पुत्र रत्न प्राप्त हुआ। रविवार को छठी कार्यक्रम था। इसे धूमधाम से मनाने के लिये गांव के अलावा सगे संबंधी एकत्र हुए थे। इसी कार्यक्रम को लेकर गैस सिलेंडर से खाना बनाया जा रहा था। इस दौरान गैस सिलेंडर का रेगुलेटर बंद करते समय सिलेंडर लीक हो गया। इससे तेजी से आग की लपटें निकलने लगी। इससे घर में मौजूद गांव की महिलाओं व रिश्तेदारों में हड़कंप मच गया। आग लगने की जानकारी होते ही जिसे जहां से भागने की जगह मिली उसने भाग कर जान बचाई। जिस स्थान पर गैस सिलेंडर लीकेज हुआ वहीं से मकान के बाहर जाने का रास्ता था। इससे वहां से जो भी निकला वह आग की चपेट में आ गया। इससे 11 लोग झुलस गये। इन सभी को आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनको प्राथमिक उपचार दिया गया। जानकारी पर कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे पुलिस बल के साथ गांव व जिला अस्पताल पहुंचे। जिला अस्पताल के डाक्टर हरिमाधौ ने बताया कि आग की चपेट में आने से पनियारेपुर्वा निवासी लकी पाल (02) पुत्र मान सिंह, रानू (29) पत्नी आशीष पाल, आकृती (21) पुत्री सौरभ पाल, पीहू (21) पुत्री आशीष, बाल मुकुंद पाल (26) पुत्र राम सिंह, लक्ष्य (1माह) पुत्र आशीष, हार्दिक (3 माह) पुत्र प्रमोद, शंभो(59) पुत्रराम चंद्र, अमरजीत (09) शंभो, अंकित (11) पुत्र हरिश्चंद्र के अलावा बब्ली (30) पत्नी ब्रजेश निवासी जनपद कानपुर नगर थाना ककवन घायल हो गये। सभी का इलाज किया जा रहा है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में नगर निगम कर्मी की मौत

कानपुर। कर्नलगंज थानाक्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में नगर निगम कर्मी की मौत हो गई। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मामले की जांच की। अधेड़ का शव तख्त पर पड़ा मिला।

कर्नलगंज के नयापुरवा निवासी 42 वर्षीय प्रमोद कुमार नगर निगम में सफाई कर्मी था। मृतक के परिवार में पत्नी रजनी, एक बेटा संदीप और बेटी स्नेहा है। बड़े भाई विजय ने बताया कि प्रमोद शराब का लती था। पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। प्रमोद करीब एक माह से नवाबगंज में किराए के मकान में अकेला रहता था।

दीपावली के त्योहार के चलते चार-पांच दिन पहले पत्नी से सुलह के बाद प्रमोद नयापुरवा स्थित घर आ गया था। अचानक प्रमोद के पेट में दर्द हुआ। परिजन पास के अस्पताल ले गए। वहां दवा लेकर घर चले आए और तख्त पर लेट गए।

# होटल में वेज की जगह परोसा नॉनवेज खाना; विरोध पर बंधक बनाकर जमकर पीटा

बीपीएस न्यूज



कानपुर। गोविंद नगर थानाक्षेत्र में स्थित होटल में खाना खाने गए युवक को वेज मांगने पर नॉनवेज परोस दिया गया। इस बात से तमतमाए युवक ने विरोध किया तो होटल संचालक और उसके कर्मचारियों ने उसे बंधक बनाकर बुरी तरह से मारापीटा। घायल अवस्था में पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कच्ची बस्ती गोविंदनगर निवासी शिवम अवस्थी ने बताया कि सीटीआई चौराहे पर पंजाब दरबार नाम से खाने का होटल है। इसका संचालक अंशु है। शनिवार शाम को होटल में खाना खाने गया था। आरोप है कि होटल में उसने वेज खाना मांगा था लेकिन वेटर ने उसे नॉनवेज दे दिया।

इस बात से नाराज होकर खाना लाए वेटर से विरोध जताया तो काउंटर पर बैठे संचालक अंशु ने वेटर का पक्ष लेते हुए उनके साथ गाली गलौज किया। टोकने पर होटल मालिक अंशु उसके भाई ऋषभ ने स्टॉफ की मदद से उसे दुकान में बंधक बना लिया। इसके बाद सभी लोगों ने उन्हें डंडे, बेल्ट आदि से बुरी तरह पीट दिया। इससे उसकी पीठ, चेहरे और कंधे पर चोटें आईं हैं। मारपीट के बाद पीड़ित युवक रिपोर्ट दर्ज कराने गोविंदनगर थाने पहुंचा तो आरोपी पक्ष के लोग भी वहां पहुंच गए। दोनों पक्षों में थाने के गेट के बाहर भी झगड़ा हुआ। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित युवक की तहरीर पर गोविंदनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सपा प्रत्याशी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय भव्य उद्घाटन

# सोलंकी एकतरफा भारी मतों से जीत दर्ज कर कानपुर में इंडिया गठबंधन का परचम फहराएंगी : शिवपाल सिंह यादव



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। समाजवादी पार्टी सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव की प्रत्याशी नसीम सोलंकी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पीएन मार्केट के सामने परेड पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने अपने कर कमलो द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया उद्घाटन कार्यक्रम सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसका संचालन महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने सयुंक्त किया कार्यक्रम में अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा एवं जालौन के सांसद नारायण दास अहिरवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।उद्घाटन कार्यक्रम में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने पदाधिकारी के साथ मुख्य अतिथि शिवपाल सिंह यादव अमेठी के संसद किशोरी लाल शर्मा एवं जालौन के सांसद नारायण दास अहिरवार को 51 किलो की माला पहनकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सीसामऊ विधानसभा का यह उपचुनाव जबरन सीसामऊ विधानसभा की जनता पर थोपा गया है भाजपा की प्रदेश सरकार के इशारे पर यहां के विधायक हाजी इरफान सोलंकी को झूठे मुकदमों में फंसा कर जबरन 7 साल की सजा करा कर जेल भेज कर उत्पीड़न किया जा रहा है

सीसामऊ की जनता भाजपा सरकार को कभी माफ नहीं करेगी तथा इसका जवाब सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी को भारी मतों से विजय दिलाकर देगी सीसामऊ का यह उपचुनाव योगी सरकार के ताबूत में आखिरी की साबित होगी जालौन के सांसद नारायण दास अहिरवार ने अपने संबोधन ने कहा कि सपा का पीड़ीए मिशन बीजेपी सरकार के मंसूबो पर पानी फिर देगा आप लोग जनता के बीच जाकर विधायक हाजी इरफान सोलंकी पर सरकार द्वारा उत्पीड़न एवं अत्याचार किए जाने तथा सपा शासन काल की उपलब्धियां एवं योजनाओं से अवगत कराये क्योंकि जनता का भाजपा से मोह भंग हो गया है

तथा जनता अब परिवर्तन चाहती है पूरे प्रदेश में भाजपा के मंत्री व अधिकारी भ्रष्टाचार में आखंड तक डूबे है प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह पंगु हो गई है भाजपा जाति धर्म के नाम पर जनता को हिंदू मुस्लिम में बाट कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेक रही है।उद्घाटन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, काग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी,जालौन सांसद नारायण दास अहिरवार,अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा,शीशामऊ विधानसभा के प्रभारी राजेंद्र कुमार,सह प्रभारी सुनील सिंह साजन,प्रेम प्रकाश वर्मा,पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया,पूर्व मंत्री सुरेंद्र मोहन अग्रवाल,विधायक अमिताभ बाजपेई,विधायक हाजी मोहम्मद हसन रूमी,पूर्व विधायक सतीश निगम,पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी,प्रदेश सचिव के के शुक्ला,पूर्व विधायक गजाला लारी,पूर्व विधायक दिलीप सिंह कल्लू,महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा,देहात जिलाध्यक्ष बबलू राजा, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह यादव,लाखन सिंह यादव,प्रमोद यादव,रामगोपाल पूरी,पूर्व विधायक रामकुमार एडवोकेट,आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## किडनैपिंग केस में आरोपी काट रहे जेल, लापरवाही में विवेचक भी निलंबित

कानपुर। थाना शिवराजपुर से महिला और तीन बच्चों को अपहरण के मामले में नाटकीय घटनाक्रम का पता चला है। पुलिस इस मामले में कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दो आरोपियों को जेल भी भेज चुकी थी और रविवार को पता चला कि महिला और बच्चों का अपहरण हुआ ही नहीं था। महिला अपने पति से विवाद के बाद बच्चों को लेकर कही चली गई थी। अब पुलिस उनके बयान कराने के साथ ही जेल भेजे गए आरोपियों को रिहा करवाएगी। इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में पूर्व विवेचक निरीक्षक का निलंबन भी किया जा चुका है।

पुलिस ने बताया कि कढलीपुरवा थाना शिवराजपुर निवासी श्याम नारायण ने जानकारी दी थी कि उसकी पत्नी राखी, दो पुत्र व एक पुत्री को लेकर 14 मई 2023 को दोपहर 3 बजे दवा दिलाने की बात कहकर घर से निकली थी। उसने मानपुर जाने की बात बताई थी लेकिन उसके बाद से घर नहीं लौटी। सारे नाते-रिश्तेदारों में पता करने के बाद पति ने 18 मई को थाना शिवराजपुर में गुमशुदगी दर्ज करायी थी। उनकी बरामदगी के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार व तलाश गश्ती जारी की थी लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला था।पीड़ित ने कोर्ट से 156/3 के तहत आदेश कराया था तो अंकित अवस्थी उर्फ सोनू पुत्र विश्वनाथ निवासी शाहपुर थाना शिवराजपुर (फुफेरे ससुर), गौरीशंकर पुत्र मायादीन निवासी ग्राम चमारी थाना आटा जनपद जालौन, अशोक पुत्र संजय दुबे निवासी रनियां किशरवल रोड कानपुर देहात (साला) राजू पुत्र संजय दुबे निवासी रनियां किशरवल रोड रनियां संजय दुबे निवासी रनियां किशरवल रोड (ससुर) और नीता देवी निवासी रनियां किशरवल रोड (सास) के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी। विवेचना के बाद अभियोग में अपहरण की धारा बढ़ाई गई थी।

## बारूद में विस्फोट की चपेट में आए दंपती की मौत
### चार घायल, कई मकानों में आई दरारें, वाहन भी हुए क्षतिग्रस्त





कानपुर।सीसामऊ थाना क्षेत्र में स्थित घर में बारूद में धमाके की चपेट में कई लोग आ गए। घटना में दंपती की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, वहीं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सीसामऊ थाना क्षेत्र में गांधीनगर स्थित मनेझ पार्क के पीछे एक बड़ा धमाका हो गया, जिसकी चपेट में आने से सुरेन्द्र उम्र 40 वर्ष और उसकी पत्नी नवीता ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि चार लोग भी घायल हुए हैं। धमाका इतना भीषण था कि कई मकानों में दरारें आईं। 10-12 वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।आसपास के लोगों ने जाकर देखा तो फौरन पुलिस को सूचना दी। पुलिस फौरन फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और राहत बचाव कार्य शुरू किया।

लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। घटनास्थल पर पटाखे भी बरामद हुए।लोगों में चर्चा थी कि पटाखों में धमाका होने से घटना हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को किया याद, की पुष्पांजलि



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। उ प्र कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान मे भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गाँधी कि पुण्यतिथि तिथि पर बिरहना रोड पर स्थापित मूर्ति के क्षतिग्रस्त कर तोड़े गए स्थान पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन पूर्व विधायक पं भूधर नारायण मिश्रा कि अध्यक्षता मे किया गया पुष्पांजलि सभा मे लोगो ने श्रद्धांसुमन अर्पित कर नमन किया!

सीसामऊ इंडिया गठबंधन प्रत्यशी नसीम सोलंकी ने इंदिरा गाँधी के जीवन मे प्रकाश डालते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कि!

छावनी क्षेत्र के विधायक हसन रूमी ने कहा कि इंदिरा गाँधी जैसा व्यक्तुत्य देखने को नहीं मिलता उन्होंने देश के लिए अपनी कुरवानी देदी! उक्त अवसर पर अपने विचार रखते पं भूधर नारायण मिश्रा ने कहा कि देश आजादी से लेकर देश को विकास के रास्ते पर लें जाने का काम इंदिरा गाँधी ने किया तथा कहा कि 108 देशो कि अध्यक्ष बन कर हिंदुस्तान का नाम ही रोशन नहीं किया बल्कि तमाम विकासशील देशो को अपना लोहा मनवाने पर विवश कर दिया लोग उन्हें आयरन लेडी के नाम से पुकारते थे तथा कहा कि उनकी क्षतिग्रस्त मूर्ति को प्रशासन द्वारा उसी स्थान पर लगवाये जाने के लिए बधाई दी

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव हरप्रकाश अग्निहोत्री ने किया तथा धन्यवाद कार्यक्रम संयोजक अरुण मिश्रा गुड्डु ने किया कार्यक्रम मे पुष्पांजलि अर्पित करने वालों मे पूर्व विधायक हाफ़िज़ मो उमर, शंकर दत्त मिश्रा, निजामुद्दीन खा, इक़बाल अहमद, आनंद मेहरोत्रा, महेन्द्र त्रिपाठी पुत्तू, संदीप शुक्ला, कृपेश त्रिपाठी, इखलाक अहमद देविड शशी कांत दीक्षित,

राजेश सिंह,राज कुमार यादव, क्षत्रिय आज़ाद,ब्रजेश त्रिपाठी,धवल पाण्डेय, मोनू शुक्ला,चंद्र मणि मिश्रा,राजेश द्विवेदी, विमल तिवारी विजय त्रिवेदी बाबा,सुरेंद्र मिश्रा नदीम सिद्दीकी,तुफैल अहमद, फहद अब्बाशी, नरेन्द्र चंचल, विनोद शुक्ला, इम्तियाज़ कुरैशी, राजू कश्यप, मुकेश पाण्डेय, धर्मेंद्र सागर,अनुज शर्मा, सुशील तिवारी, विजय गुप्ता,अनिल राजपूत, दीप पाण्डेय प्रकाश मिश्रा, ब्रजभान राय,अशोक दीक्षित,अब्दुल नफीस, अखिल गुप्ता, बंटू बाजपेई,हाजी दिलशाद कुरैशी,राशिद एजाज़, राजेंद्र बाल्मीकी तिलक चंद विपिन तिवारी, अमरेंद्र सिंह, अफलाक अहमद,जीतेन्द्र गिरी, नागेंद्र यादव अशोक अवस्थी, दिनेश त्रिवेदी, ए के शुक्ला, अजीत तिवारी, अवनीश द्विवेदी, संजय बाजपेई, शिव ओम पाण्डेय, अंकित कनौजिया, नितिन वर्मा,आदि प्रमुख रूप से अपनी भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की

## 272 दिव्यांग जनों ने सरकारी योजनाओं का उठाया लाभ

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने आज शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया मे समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। विधायक सुरेन्द मैथानी ने दीपावली पर दिव्यांगजनो के लिये मिठाई भेजी है। शिविर में 272 दिव्यांगजनों ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया। शिविर में कृतिम अंग उपकरण के 08 , दिव्यांग पेंशन 126, दुकान निर्माण व संचालन योजना 05, दिव्यांग विवाह पुरस्कार योजना 01, यू0डी0आई0डी0 कार्ड 88, रेलवे रियायत प्रमाण पत्र 32, ऋष्ण 12 सहित सभी सरकारी योजनाओं के फार्म भरे गये।इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि समय-समय पर अलग-अलग स्थानों पर कैम्प का आयोजन कर दिव्यांगजन को सरकारी की योजनाओं का लाभ दिया जाता है। जो दिव्यांगजन इस कैम्प में किन्ही कारणों से सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह गये हैं वो किसी भी दिन शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क, बगिया, कानपुर नगर में आकर सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। मो0नं0 9335234399 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि बताया कि बहुत से दिव्यांगजन जानकारी के अभाव में सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं।जिसकी वजह से दिव्यांगजनों के लिए ये कैम्प उपयोगी साबित हो रहा है।आगे कहां कि पार्टी का प्रयास है कि कोई भी दिव्यांग व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।आज के शिविर में राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार,जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अल्पना कुमारी,अरविन्द सिंह, वैभव दीक्षित,गुड्डी दीक्षित,अनुराधा गुप्ता आदि शामिल थे।

### साइबर सेल एवं सर्विलांस टीम द्वारा धन राशि वापस कराने वाली टीम सम्मानित

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।टीएसएच में पुलिस आयुक्त अखिल कुमार की उपस्थिति में केस्को के एम0डी0 सैमुएल पॉल व ब्रिगेडियर शब्बारुल हसन द्वारा केस्को के गेटवे से छेड़छाड़ करके करीब 01 करोड़ 68 लाख रुपये की साइबर ठगी की घटना को पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के पुलिस उपायुक्त अपराध की साइबर सेल एवं सर्विलांस टीम द्वारा का अनावरण व प्रकरण से सम्बन्धित धनराशि वापस कराने वाली टीम को सम्मानित किया गया।

## बहनों ने अपने अपने बंदी भाईयों को भाई दूज पर टीका लगाने पहुंची जिला जेल



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। भाई दूज के त्योहार पर बड़ी संख्या में बहनें बंदी भाईयों से मिलने जिला जेल पहुंची। इस पवित्र त्योहार के अवसर पर जो कैदी जिला कारागार में काफी समय से सजा काट रहे है, उनको बहनों को मिलने का मौका जरूर दिया जाता है। ऐसा ही रक्षाबंधन पर भी किया जाता है। इसी कड़ी में रविवार को जिला कारागार में तमाम बहनों ने अपने भाईयों से मिलने का इंतजार किया। इस दौरान कई बहनें भावुक होकर अपने भाईयों को टीका लगाकर भाई दूज की बधाई देती हुई नजर आयी और कई भाइयों को टीका लगाकर बहनों के आंसू छलके भाइयों ने भी भविष्य में बुरा काम न करने का वादा बहनों को दिया। वहीं जेल अधीक्षक डॉ. बी डी पांडे ने बताया कि भाई दूज के पर्व पर जेल में सारे इंतजाम किए गए थे। मुलाकात पर्ची काउन्टर पर प्रार्थना-पत्र लिखे जाने के लिए अतिरिक्त काउन्टर भी बनाये गये थे, जिसमें अतिरिक्त स्टॉफ तैनात किया गया था। जिससे बंदियों के परिजनों को इंतजार न करना पड़े और उनके प्रार्थना-पत्र तत्काल तैयार किये जा सके जेल में ही भाइयों के टीका करने पर ही कारागार में सुबह सात बजे से ही बंदी के परिजनों का आना शुरू हो गया था। वहीं, कारागार में भी बंदियों के परिजनों के बैठने से लेकर पेयजल की व्यवस्था करी गई है।

## प्रत्याशी का पर्चा रद्द होने पर प्रशासन पर भड़के चन्द्रशेखर
### जब किसी पर जुल्म हो, तो उसकी मदद या अकेला छोड़ना है यह जनता तय करे-सांसद



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और नगीना से सांसद चंद्रशेखर रविवार को सेंट्रल स्टेशन पहुंचे। चंद्रशेखर ने कहा- हमारा नारा %पढ़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे, साथ-साथ चलेंगे% है। सीएम योगी के बंटेंगे तो कटेंगे के नारे पर कहा- सीएम मंच पर खड़े होकर हरिजन और गैर हरिजन की बात करते हैं, वो बताएं कि बांटा किसने है? चंद्रशेखर ने नसीम सोलंकी का समर्थन करते हुए कहा- मेरी कुछ राजनीतिक मजबूरियां हैं, लेकिन यह जनता को तय करना है कि जब किसी पर जुर्म हो रहा है, तो उसकी मदद करनी है या अकेला छोड़ देना है। सांसद ने कहा-पहले ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य में फिर जातियों के आधार पर हमें किसने बांटा।

सीएम की सिर्फ एक ही लालसा है कि उनकी राजनीतिक चीजें आगे बढ़ती रहें। उनकी पार्टी आगे बढ़ती रहे। उन्होंने कहा मैं यह समझता हूं कि जिस तरह से टिकट डिस्ट्रीब्यूशन हुआ था। भाजपा के लोगों ने डरकर, षड्यंत्र करते हुए हमारे प्रत्याशी का पर्चा कैंसिल करा दिया। हम इन चीजों से डरने वाले नहीं। जिन सीटों पर हमारे प्रत्याशी लड़ रहे हैं। बेहद दमदारी के साथ वो चुनावी मैदान में हैं। एक सवाल पर चन्द्रशेखर असहज दिखे उनसे यह पूछा गया कि इससे पहले जब आप कानपुर आए थे, तब आपने इरफान सोलंकी को अपना भाई बताया था। अब क्या उपचुनाव में उनके परिवार का सपोर्ट करेंगे। इस पर चंद्रशेखर ने कहा- राजनीतिक रूप से मेरी कुछ मजबूरियां हैं, लेकिन अगर उनके परिवार से कोई चुनाव लड़ रहा है। तो यह जनता को तय करना है कि जब किसी पर जुल्म हो, तो उसकी मदद करनी है या उसे अकेला छोड़ना है।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।